उज्जैन
शनिवार
21
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-136
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र




रशिमका मंदाना को बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड शादी के बाद पहली बार स्टेज पर दिखीं एक्ट्रेस, बोलीं- पहले काम का मजाक उड़ाया, अब सम्मान मिला

पेज- 8

## कमेंटेटर शिवरामकृष्णन ने रंगभेद के आरोप लगाए बीसीसीआई पैनल छोड़ा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और दिग्गज कमेंटेटर लक्ष्मण शिवरामकृष्णन ने रंगभेद का आरोप लगाते हुए बीसीसीआई का कमेंट्री पैनल छोड़ दिया है।



शिवरामकृष्णन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा- 'मैं बीसीसीआई के लिए कमेंट्री से संन्यास ले रहा हूं।' 60 साल के इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि 23 साल के करियर में उन्हें टॉस और प्रेजेंटेशन जैसे अहम मौकों के लिए इस्तेमाल नहीं किया गया, जिससे वे निराश थे। पूर्व लेग स्पिनर ने लिखा कि नए कमेंटेटरों को मौके मिलते रहे, जबकि उन्हें लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया। शिवरामकृष्णन ने यह भी कहा कि उनके रिटायरमेंट के पीछे टीवी प्रोडक्शन से जुड़ी एक बड़ी कहानी है, जो जल्द सामने आएगी।

## दक्षिण कोरियाई फैक्ट्री में आग लगने से 10 लोगों की मौत

**डेजॉन।** दक्षिण कोरियाई बचाव कर्मियों ने शनिवार को डेजॉन के मध्य शहर में एक ऑटो पाट्‌र्स फैक्ट्री के जले हुए मलबे से 10 शव बरामद किए। इस फैक्ट्री में संभवतः एक धमाके के कारण आग लगी थी, जिसमें कम से कम 59 अन्य लोग घायल हो गए और चार लोग लापता हो गए। गृह और सुरक्षा मंत्रालय ने बताया कि 25 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, लेकिन अधिकारियों ने तुरंत इस बात की पुष्टि नहीं की कि क्या उनमें से किसी की जान को खतरा है। शुक्रवार दोपहर आग लगने के बाद, आग पर काबू पाने और बचाव अभियान चलाने के लिए 500 से अधिक दमकलकर्मियों, पुलिस और आपातकालीन कर्मियों को तैनात किया गया था।

## केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को फोन पर जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। जांच में पुलिस को पता चला कि कॉल पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से की गई है। पुलिस टेक्निकल सर्विलांस की मदद से कॉल करने वाले का पता लगाने की कोशिश कर रही है। कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी को 18 मार्च को सुबह करीब 11 बजे एक अज्ञात नंबर से धमकी भरा कॉल आया था। तुगलक रोड थाने में उनकी तरफ से दी गई शिकायत के अनुसार, फोन करने वाले ने मंत्री को जान से मारने की धमकी दी और एमपी 5 जैसी बंदूकों का जिक्र किया।



## महाराष्ट्र ज्योतिषी रेप केस में महिला आयोग अध्यक्ष का इस्तीफा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में रेप के आरोपी ज्योतिषी अशोक खरात मामले में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर ने शुक्रवार देर रात इस्तीफा दे दिया। विपक्ष ने चाकणकर पर आरोपी खरात से संबंध के आरोप लगाए थे। इसके बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष का इस्तीफा मांगा था। शिवसेना की प्रवक्ता सुषमा अंधारे ने दावा किया है कि खरात के प्रभाव में आकर चाकणकर ने तांत्रिक अनुष्ठान के लिए अपनी अनामिका या तीसरी उंगली काट ली थी। अंधारे ने ऐसी तस्वीरें भी दिखाईं जिनमें चाकणकर की तीसरी उंगली पर पट्टी बंधी हुई दिख रही है। दरअसल, महाराष्ट्र के नासिक में एक 35 साल की महिला से बार-बार रेप और ब्लैकमेल करने के आरोप में पुलिस ने बुधवार को खरात (67) को गिरफ्तार किया था।

# देशभर में ईद-उल-फित्र आज

### राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने बधाई दी, अजमेर शरीफ दरगाह में जन्नती दरवाजा खोला गया



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

देशभर में आज ईद मनाई जा रही है। मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ने के लिए लोग इकट्‌ठे हो रहे हैं। ईद-उल-फित्र के मौके पर राजस्थान के अजमेर में ख्वाजा गरीब नवाज दरगाह शरीफ में सुबह 5 बजे दरगाह का 'जन्नती दरवाजा' खोला गया।

इधर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी एक्स पोस्ट के जरिए ईद की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा- सभी देशवासियों, विशेषकर मुस्लिम बहनों और भाइयों को हार्दिक बधाई। यह त्योहार आत्मसंयम, सेवा, परोपकार एवं वंचित वर्गों के प्रति दया का भाव रखने की सीख देता है। पीएम मोदी ने भी देशवासियों को ईद की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने पर लिखा- ईद-उल-फितर की हार्दिक शुभकामनाएं। कामना है कि यह दिन चारों ओर भाईचारे और सद्भावना को और अधिक बढ़ाए। सभी लोग सुखी और स्वस्थ रहें।

## ईदगाह पर अदा हुई ईद की मुख्य नमाज



### बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग पहुंचे, एक दूसरे को दी बधाई

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

ईद-उल-फितर, मीठी ईद पर शनिवार को मुस्लिम समाज द्वारा हर्षोउल्हास से ईद का पर्व मनाया गया। मुख्य नमाज सुबह 8 बजे इंदिरागर स्थित ईदगाह पर हुई। शहरकाजी खलिकुर्रेहमान ने समाजजनों को ईद की नमाज अदा कराई। इसके बाद देश में अमन-चैन के लिए अल्लाह ताला से दुआ की गई। हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग अलग-अलग मस्जिदों में नमाज में शामिल होने के लिए एकत्रित हुए। ईद पर नमाज के बाद देश में अमन, शांति और भाईचारे के लिए दुआ की जाती है और लोग एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते हैं। ईद पर्व के लिए सुबह से मुस्लिम समाज के नए परिधान पहने हुए ईदगाह पर होने वाले नमाज के लिए रवाना हुए। शहर में जामा मस्जिद, फतेह मस्जिद,शाही मस्जिद, मस्जिद सारवान, कोट मोहल्ला मस्जिद, लाल मस्जिद, शिकारी गली मस्जिद, मिर्जावाड़ी मस्जिद, फ्रीगंज मस्जिद, दमदमा मस्जिद, पांड्या खेड़ी मस्जिद, दानी गेट मस्जिद और गुदरी चौराहा मस्जिद सहित शहर की प्रमुख मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोग नमाज अदा करने पहुंचे थे। शहर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में दिनभर रौनक छाई रही। नमाज के बाद ईदगाह पर शहरकाजी व समाजजनों को ईद की बधाई दी। समजजनों ने एक दूसरे को ईद की बधाई दी। अब शाम तक शीर खुरमे से मेहमानों का मुंह मीठा कराने का सिलसिला लगातार जारी रहेगा।

# इंदौर के रियल एस्टेट कारोबारी को लॉरेंस गैंग की धमकी

### वॉइस नोट भेजकर 15 करोड़ मांगे कहा-पैसा नहीं दिया तो मार डालेंगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

तुकोगंज थाना क्षेत्र में एक रियल एस्टेट कारोबारी को कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से जान से मारने की धमकी दी गई है। कारोबारी से फोन पर करोड़ों रुपये की रंगदारी मांगी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इंदौर के तुकोगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले रियल एस्टेट कारोबारी संजय जैन को अज्ञात नंबर से कॉल कर धमकाया गया। कॉल करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताया और पहले 10 करोड़ रुपये की मांग की। बताया जा रहा है कि जब कारोबारी ने फोन रिसीव नहीं किया, तो आरोपियों ने दोबारा संपर्क कर एक वॉयस नोट भेजकर मांग बढ़ाकर 15 करोड़ रुपये कर दी, जिसमें 5 करोड़ रुपये अतिरिक्त जोड़ दिए गए। वही इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर तुकोगंज थाना में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस अब कॉल डिटेल्स और आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। फिलहाल, इस धमकी के बाद कारोबारी और उसके परिवार की सुरक्षा को लेकर भी पुलिस सतर्क हो गई है। महेश मामले में क्राइम ब्रांच के अधिकारियों का कहना है कि और भी शहरों के कई लोगों को इस तरह के फोन आए हैं, वहीं पूरे ही मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## प्रीमियम पेट्रोल 2.35 प्रति लीटर तक महंगा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

सरकारी तेल कंपनियों ने को स्पीड और पावर जैसे प्रीमियम पेट्रोल की कीमतें 2.09-2.35 प्रति लीटर तक बढ़ा दी है। भोपाल में इसकी कीमत बढ़कर करीब 117 रुपए पहुंच गई है। सामान्य पेट्रोल की कीमत में बदलाव नहीं हुआ है। इसके अलावा इंडियन ऑयल ने अपने इंडस्ट्रियल फ्यूल की कीमत में भी 25% की बढ़ोतरी की है। इसके दाम 87.67 प्रति लीटर से बढ़कर अब 109.59 प्रति लीटर हो गए हैं। औद्योगिक डीजल के खरीदारों में रेलवे, रोडवेज बसें, बड़ी फैक्ट्रियां, अस्पताल और बड़े मॉल शामिल हैं।

## अभिनेता ने किये महाकालेश्वर के दर्शन



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा ने श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुँचकर भगवान श्री महाकाल जी के दर्शन लाभ लिए। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा अभिनेता आशुतोष राणा का स्वागत एवं सत्कार किया गया।

### रेमंड के मालिक गौतम सिंघानिया की बोट पलटी

## मालदीव से मुंबई एयरलिफ्ट

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

भारत के वरिष्ठ उद्योगपति व रेमंड ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर गौतम सिंघानिया मालदीव में हादसे का शिकार हो गए हैं। मालदीव के फेलिधू के पास गुरुवार 19 मार्च की देर रात रात 11 बजे उनकी स्पीडबोट समुद्र में पलट गई, जिसमें सिंघानिया को गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें तुरंत एयरलिफ्ट कर मुंबई लाया गया है, जहां एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। हादसे के समय बोट पर सिंघानिया के साथ 6 और लोग सवार थे, जिनमें से एक भारतीय समेत दो लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं।



गौतम सिंघानिया रेमंड ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। उनकी नेटवर्थ करीब 11 हजार करोड़ रुपए है। रेमंड ग्रुप के पास क्लॉथ, डेनिम, कंज्यूमर केयर, इंजीनियरिंग और रियल एस्टेट सहित अन्य बिजनेस हैं। रेडिमेड कपड़ों के बाजार में ग्रुप की दमदार मौजूदगी है। यह डेनिम कैटेगरी में भी लीडिंग मैन्युफैक्चरर है। कंपनी हाई क्वालिटी डेनिम सप्लाई करती है।

## यूपी-बिहार में बिजली गिरने से 7 लोगों की मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

देश भर के कई राज्यों में बारिश, ओलावृष्टि, आंधी और तूफान का मौसम जारी है। यूपी के 25 से ज्यादा जिलों में शुक्रवार को आंधी-बारिश के साथ जमकर ओले गिरे। प्रयागराज, बलरामपुर, बहराइच और मिर्जापुर में बिजली गिरने से 3 किसानों समेत 5 की मौत हो गई। बिहार के पटना, बेतिया, मोतिहारी, जमुई समेत 15 शहरों में आंधी-बारिश हुई। गयाजी में बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। मध्य प्रदेश के 42 जिलों में भी कल बारिश हुई।




## खबर एक नजर...

### मासूम की अस्पताल से छुट्टी होने पर उत्तरप्रदेश लौटा परिवार

**उज्जैन।** उत्तरप्रदेश के गौंडा से आये गुप्ता परिवार की 5 वर्षीय मासूम स्वरा पिता राहुल गुप्ता को गुरूवार शाम महाकाल मंदिर परिसर में करंट लगा गया था। मासूम बालिका बेहोश हो गई थी। जिसे चरक अस्पताल में पीआईसीयू में भर्ती किया गया था। जहां उसे होश आ गया था, लेकिन स्थिति चिंताजनक बनी हुई थी। चरक से डॉक्टरों ने इंदौर रैफर कर दिया था। महाकाल थाना प्रधान आरक्षक रत्नेश श्रीवास्तव ने बताया कि बालिका को परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां रातभर चले उपचार के बाद बालिका की हालत में सुधार आ गया। गुप्ता परिवार की शुक्रवार दोपहर उत्तरप्रदेश लौटने की ट्रेन थी। जिसके चलते डॉक्टरी परामर्श लेकर परिवार ने छुट्टी कराई और उत्तरप्रदेश लौट गया। परिवार ने मामले की शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

### प्रकटेश्वर मंदिर में पंचांग पूजन के साथ मनाया ज्योतिष दिवस

**उज्जैन।** प्रकटेश्वर महादेव मंदिर में गुड़ी पड़वा पर विक्रम संवत 2083 के पहले दिन पंचांग पूजन और ध्वजारोहण के साथ नव संवत्सर की शुरूआत हुई। कार्यक्रम विक्रम उत्सव के तहत आयोजित किया गया। आयोजन सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, महाराज विक्रमादित्य शोधपीठ, सम्राट विक्रमादित्य विद्वत परिषद, पूर्ण फाउंडेशन और मंदिर की शिव विष्णु समिति के संयुक्त सहयोग से हुआ। अतिथि के रूप में प्रो. अर्पण भारद्वाज मौजूद रहे। संचालन राम तिवारी ने किया। इस अवसर पर राजेश कुशवाह, नरेश शर्मा, मंदिर पुजारी घनश्याम शर्मा, डॉ. अनिल कुमार शर्मा, डॉ. दिलीप सोनी, रमन सोलंकी मौजूद थे।

### सिंहपुरी और भागसीपुरा से निकाली गेर में झांकियां रही आकर्षण का केंद्र



**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर भर्तृहरि विक्रम ध्वज चल समारोह समिति श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा गुड़ी पड़वा पर आताल-पाताल महाभैरव सिंहपुरी क्षेत्र से गेर निकाली। पंडित रूपम जोशी, अर्पित दुबे व पंडित आदर्श जोशी ने बताया गेर में इस बार ऊंट, कड़ाबीन, 8 बैंड, 51 ढोल, 20 घोड़ी, 108 ध्वज निशान के साथ झांकियां निकाली। झांकियों में रक्तबीज का वध करते हुए देवी, कुंभकरण वध, चलित नाट्य शैली में भगवान शिव का अघोर स्वरूप में तीसरे नेत्र से उत्पन्न अग्नि और भूतों की टोली आकर्षण का केंद्र रही। गेर प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः सिंहपुरी क्षेत्र पहुंचेगी। इधर, श्री आनंद भैरव नवयुवक मित्रमंडल भागसीपुरा गुरु मंडली की आनंद भैरव विक्रम ध्वज चल समारोह भागसीपुरा से निकाला। गेर में रतलाम की रंगारंग झांकियां, भस्मासुर, सांवलिया सेठ आदि झांकी आकर्षक का केंद्र रही।

### बगलामुखी धाम में चल रहे अनुष्ठान में पहुंचे मुख्यमंत्री

**उज्जैन।** भैरवगढ़ रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में चल रहे 10 महाविद्या देवियों की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। यह अनुष्ठान भर्तृहरि गुफा के गादीपति महंत योगी पीर रामनाथ महाराज के सानिध्य में कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री उज्जैन प्रवास के दौरान रात्रि में समय निकालकर मंदिर पहुंचे। उन्होंने महंत रामनाथ महाराज के साथ नवनिर्मित मंदिर का अवलोकन किया और मंदिर के मध्य प्रांगण में स्थापित मां दुर्गा की विशाल प्रतिमा का पूजन-अर्चन भी किया। यह अनुष्ठान नौ दिन तक चलेगा और इसकी पूर्णाहुति रामनवमी पर्व पर 27 मार्च को होगी। इस अवधि में 10 महाविद्याओं में शामिल मूर्तियों की एक-एक कर प्रतिष्ठा की जाएगी।

### लोकार्पण के बाद स्वीमिंग पूल देखने पहुंचे लोग

# कल से 7 दिन तक तैराकी मुफ्त में

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



कोठी रोड स्थित तरणताल पर नगर निगम द्वारा बनाए आधुनिक अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्वीमिंग पूल शुरूआती 7 दिनों तक निःशुल्क रखने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था शनिवार से लागू की जाना थी, लेकिन गुरुवार को बड़ी संख्या में लोग पूल देखने पहुंचने से व्यवस्थाओं पर दबाव की स्थिति बनी। नगर निगम ने पहले व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने का निर्णय लिया।

शुक्रवार को महापौर टटवाल ने अधिकारियों के साथ चर्चा कर स्पष्ट निर्देश दिए कि शनिवार तक सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं और रविवार से निःशुल्क प्रवेश व्यवस्थित तरीके से शुरू किया जाए। स्वीमिंग पूल के संचालन की जिम्मेदारी नगर निगम के पास ही है। इसके लिए अधिकारी जितेंद्रसिंह जादौन को संचालन प्रभारी बनाया है। उन्हें निर्देश दिए हैं कि निःशुल्क अवधि समाप्त होने के बाद नियमित संचालन के लिए समय और शुल्क का प्रस्ताव तैयार करें। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बताया कि 7 दिन की निःशुल्क अवधि में पुराने तरणताल का समय ही लागू रहेगा। साथ ही व्यवस्थाओं के लिए तरण ताल के पुराने के कर्मचारियों को ही अभी जिम्मेदारी दी गई है।

बता दें कि पुराने स्वीमिंग पूल के समयानुसार सुबह 6 से 10 बजे और शाम 5 से 8 बजे तक नागरिकों को प्रवेश मिलेगा। महापौर ने बताया कि आवश्यकता के अनुसार समय में बदलाव भी किया जा सकता है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एक समय में 40 से 50 लोगों को ही प्रवेश देने पर विचार किया जा रहा है। सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को लेकर अंतिम निर्णय शनिवार को लिया जाएगा। 8.30 करोड़ रुपए से इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के आधुनिक स्वीमिंग पूल का निर्माण हुआ है, जिसका लोकार्पण गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया है। शुरूआती 7 दिनों तक प्रवेश निःशुल्क रखा जाएगा, उसके बाद निगम द्वारा राशि ली जाएगी।

# उज्जैन स्टेशन की प्लेटफार्म नं. 8 की सुविधाओं का शीघ्र हो विस्तार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मण्डल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य राजेश शर्मा ने उज्जैन रेलवे स्टेशन के नव प्रारंभ हुए प्लेटफॉर्म नम्बर 8 पर मूलभूत सुविधाओं को लेकर रेल प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है उन्होंने यात्री हित में तत्काल आवश्यक व्यवस्थाए सुनिश्चित करने की माँग उठाई है।

शर्मा ने बताया कि प्लेटफॉर्म नंबर 8 का संचालन शुरू होने के बाद इसका महत्व तेजी से बढ़ा है

इंदौर-मुम्बई, इंदौर-दौंड, इंदौर-बरेली जैसी कई महत्वपूर्ण ट्रेनें अब इसी प्लेटफार्म से संचालित हो रही है जिससे यात्रियों की आवाजाही में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है इसके बावजूद यहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।

उन्होंने कहा है कि प्लेटफॉर्म पर एक भी खान पान का स्टॉल अभी तक रेल प्रशासन द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है जिसके कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं नागदा साइड वाले छोर पर शौचालय की व्यवस्था नहीं होने से विशेष रूप से दिव्यांग, बुजुर्ग और महिलाओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

टिकट व्यवस्था के नाम पर यहां पर केवल एक टिकट खिड़की संचालित होने से यात्रियों की भीड़ लग जाती है।

अगर यहां पर रेल प्रशासन एक ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन स्थापित कर दे तो यात्रियों को त्वरित टिकट सुविधा का लाभ मिल सकता है।

गर्मी के मौसम को देखते हुए प्लेटफॉर्म पर ठंडे पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था भी जरूरी है वर्तमान में यहां इस प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है अतः प्लेटफार्म के दोनों छोर पर वाटर वेंडिंग मशीन लगाए जाने की शीघ्र आवश्यकता है ताकि यात्रियों को स्वच्छ और ठंडा पानी मिल सके। शर्मा ने रेल प्रशासन से आग्रह किया है कि प्लेटफॉर्म नंबर 8 पर शीघ्र शौचालय, स्टॉल, अतिरिक्त टिकट व्यवस्था और ठंडा पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाओं का शीघ्र विस्तार किया जाए जिससे न केवल यात्रियों को सुविधाएं मिलेगी बल्कि रेलवे की छवि भी और सुदृढ़ होगी।

### कृषि अध्ययनशाला की नई बिल्डिंग का काम

# अब तक पूरा नहीं और करवा दिया लोकार्पण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की कृषि अध्ययनशाला की जिस नई बिल्डिंग का विश्वविद्यालय प्रशासन ने दीक्षांत समारोह में अतिथियों के हाथों ई-लोकार्पण तो करवा लिया, लेकिन हकीकत यह है कि उस बिल्डिंग का काम अब तक पूरा नहीं हुआ है। हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन यह दावा कर रहा है कि बिल्डिंग का काम पूरा हो चुका है।

विश्वविद्यालय के अध्ययनशाला परिसर में सांख्यिकी डिपार्टमेंट से आगे 17 करोड़ रुपए की लागत से कृषि अध्ययनशाला की नई बिल्डिंग बन रही है। पिछले ढाई साल से इस बिल्डिंग को बनाने का काम चल रहा है, जो अब तक जारी है। हाल ही में 17 मार्च को हुए विश्वविद्यालय के 30वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए थे।


विश्वविद्यालय प्रशासन ने दीक्षांत समारोह में अतिथियों के हाथों कृषि अध्ययनशाला की इस नई बिल्डिंग का ई-लोकार्पण करवा दिया। बिल्डिंग के



अंदर बने मैदान में मंच बनाया है। इस पर ग्रेनाइट लगाने का आधा काम बाकी है। इसके अलावा रैंप बनाने और उस पर ग्रेनाइट लगाने का काम भी अब तक नहीं हुआ है। वहीं पीछे की तरफ बनाए जा रहे पोर्च के प्लास्टर का काम भी एक-दो दिन के भीतर ही हुआ है। इसके अलावा भी कुछ छोटे-छोटे कार्य बाकी हैं। इस संबंध में जब कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज से चर्चा नहीं हो सकी। कुलसचिव डॉ. अनिलकुमार शर्मा का कहना है कि कृषि अध्ययनशाला की नई बिल्डिंग का काम पूरा हो चुका है। कुलगुरु और कार्यपरिषद् सदस्यों ने भवन का अवलोकन किया था। इसके बाद ही भवन का लोकार्पण करवाया है।

# किराए पर दिए 7.5 लाख के 3 कैमरे नहीं लौटाए, फोटोग्राफरों ने की शिकायत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



उज्जैन में फोटोग्राफरों के साथ धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। उज्जैन फोटोग्राफी एसोसिएशन के सदस्यों ने माधव नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि किराए पर दिए गए 7.5 लाख रुपए के तीन कैमरे वापस नहीं मिले हैं।

ग्राम भैसोदा निवासी कृपाल सोलंकी ने बीती 1 मार्च को शादी समारोह में फोटोग्राफी के लिए रजत बड़वाय को तीन कैमरे किराए पर दिए थे। ये कैमरे विनायक कैफे के पास दिए गए थे और दो दिनों के लिए थे, लेकिन रजत बड़वाय ने आज तक इन्हें वापस नहीं किया है।

**हाल ही में खरीदा था एक कैमरा**

शिकायत के अनुसार, रजत बड़वाय लगातार बहाने बनाता रहा और कहता रहा कि कैमरे जयपुर में चल रहे हैं। बाद में उसने गुमराह करना शुरू कर दिया। गायब हुए कैमरों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 7,50,000 रुपए है। इनमें से एक कैमरा हाल ही में खरीदा गया था, जिसकी ईएमआई अभी भी जारी है।

एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि आरोपी रजत बड़वाय उज्जैन के अवंति पूरा का निवासी है। चूंकि कैमरे विनायक कैफे के पास दिए गए थे, इसलिए मामला माधव नगर थाना क्षेत्र में दर्ज कराया गया है। एसोसिएशन सदस्य संतोष पंवार ने कहा कि फोटोग्राफर आमतौर पर भरोसे के आधार पर एक-दूसरे को कैमरे किराए पर देते हैं, लेकिन इस मामले में आरोपी ने इस भरोसे का गलत फायदा उठाया है।

फोटोग्राफरों का कहना है कि वे पिछले तीन दिनों से थाने के चक्कर लगा रहे हैं और लगातार कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। फोटोग्राफरों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई और कैमरों की जल्द बरामदगी की मांग की है।

उज्जैन
शनिवार
21
मार्च, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

विद्या मित्रं प्रवासेषु,भार्या मित्रं गृहेषु च।
व्याधितस्यौषधं मित्रं, धर्मो मित्रं मृतस्य च।।

**अर्थः** विदेश में, कर्तव्यनिष्ठ, अच्छे स्वभाव वाली और घर में अच्छी पत्नी, नशा करने वाला और धर्मपरायण मृतक के सबसे अच्छे दोस्त होते हैं।

## खबर एक नजर...

### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करना गंभीर अपराध : हाई कोर्ट

**इंदौर।** हाई कोर्ट ने पूर्व कलेक्टर बनकर नौकरी दिलाने का झांसा देकर अभ्यर्थियों से लाखों रुपए ठगने वाले आरोपी की सजा को सही ठहराया है। कोर्ट ने कहा कि सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर छात्रों से धोखाधड़ी गंभीर अपराध है, इसमें नरमी नहीं बरती जा सकती। न्यायमूर्ति गजेंद्र सिंह की एकल पीठ ने आरोपी रमेशचंद्र द्वारा दायर आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने यह भी माना कि धारा 406 (आपराधिक न्यासभंग) और धारा 420 (धोखाधड़ी) दोनों अपराध एक साथ कायम नहीं रह सकते। इसी आधार पर आरोपी को धारा 406 के आरोप से बरी कर दिया गया, लेकिन धारा 420 के तहत उसकी दोषसिद्धि और सजा को बरकरार रखा गया। मामले के अनुसार आरोपी ने खुद को नीमच का पूर्व कलेक्टर बताकर मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा आयोजित संयुक्त भर्ती परीक्षा-2022 में सहायक संपरीक्षक, पटवारी सहित अन्य पदों पर नौकरी दिलाने का झांसा दिया। इसके बदले उसने प्रत्येक अभ्यर्थी से 2-2 लाख रुपए लिए।

### तीन हजार ई-रिक्शा के बीमा और रजिस्ट्रेशन नहीं, ये हो सकते हैं बंद

**इंदौर।** ई-रिक्शाओं के लिए नया सिस्टम लागू होने पर शहर में चल रहे करीब तीन हजार ई-रिक्शा बंद हो सकते हैं। इन रिक्शा वालों के पास बीमा व रजिस्ट्रेशन नहीं है। शहर में लगभग 10,500 ई-रिक्शा चल रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या अवैध हैं। जानकारी के अनुसार, शहर में ई-रिक्शा ही नहीं, 4,000 से अधिक सीएनजी ऑटो भी नियमों के दायरे में आ सकते हैं। इनमें से कई वाहनों के पास बीमा और फिटनेस प्रमाण पत्र नहीं हैं। ऐसे में इन पर कार्रवाई तय मानी जा रही है। एसीपी सुप्रिया चौधरी के अनुसार इस अभियान के दौरान बिना कागज के चल रहे ई-रिक्शाओं और सीएनजी ऑटो को जब्त किया जाएगा।

### स्वच्छता और सुरक्षा के लिए हजारों महिलाओं ने बढ़ाए कदम

**इंदौर।** स्वच्छता में इंदौर को फिर से नंबर वन बनाने के साथ महिला सुरक्षा का संदेश देने शुक्रवार शाम हजारों महिलाएं शहर की सड़क पर उतरीं। नगर निगम की संयुक्त पहल वुमन वॉकथॉन कदम में नेहरू स्टेडियम से गीता भवन व वापस स्टेडियम तक का फासला तय किया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर शिवम वर्मा, पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह व एमरल्ड डेवलपर्स की वीपी अर्चना अग्रवाल ने फ्लैग ऑफ किया। नवरात्रि, गणगौर और चेटीचंड के बीच वॉकथॉन में डीजे और जुम्बा के साथ महिलाओं का उत्साह चरम पर था।

### फुटेज और हुलिए से ट्रेस होंगे बदमाश, जल्द मिलेगी लोकेशन

**इंदौर।** अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सहारा ले रही है। जोन-2 में डीसीपी कुमार प्रतीक की पहल पर तैयार किया गया एआई आधारित सॉफ्टवेयर पायलट प्रोजेक्ट में सफल रहा है। इसके बाद अब इसे पूरे जोन में लागू करने की तैयारी है। पहले वारदात के बाद पुलिस टीमों को सैकड़ों फुटेज खंगालना पड़ते थे। इसमें काफी समय लगता था। अब इस नई तकनीक से काम मिनटों में होगा। कोई वारदात होती है तो घटना स्थल के आसपास लगे सभी कैमरों की फुटेज एआई आधारित सॉफ्टवेयर में डाले जाएंगे। बदमाशों के हुलिए, कद-काठी, कपड़े या वाहन जैसी जानकारी कमांड के रूप में दर्ज की जाएगी। कमांड मिलते ही एआई सिस्टम सभी फुटेज को स्कैन कर संदिग्धों को ट्रेस कर लेगा।

### 7 साल बाद इंदौर शहर कांग्रेस की नई कार्यकारिणी घोषित

# कुल 52 पदाधिकारियों को जगह दी गई

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर में सात साल बाद कांग्रेस की शहर कार्यकारिणी का गठन हो गया है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे की अगुवाई में यह नई टीम घोषित की गई है, जिसमें कुल 52 पदाधिकारियों को जगह दी गई है। यह संख्या पिछली महा-जंबो कार्यकारिणी (2019 में भंग हुई, जिसमें 400+ पदाधिकारी थे) से काफी कम रखी गई है।

बाकलीवाल के बाद एक दिन के लिए अरविंद बागड़ी और फिर सुरजीत सिंह चड्ढा शहर अध्यक्ष बने, लेकिन इंदौर शहर कार्यकारिणी का गठन नहीं हुआ। अब चिंटू चौकसे के अध्यक्ष बनने के बाद कमेटी का गठन हुआ है। कांग्रेस कार्यकारिणी में शहर के पूर्व विधायकों व अन्य बड़े नेताओं के समर्थकों को जगह दी गई है। इस बार इस संख्या को काफी सीमित रखा गया है। कार्यकारिणी में कुल




52 पदाधिकारी हैं। इसमें कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग बने हैं। वहीं 10 उपाध्यक्ष, 18 महामंत्री, 19 सचिव, दो प्रवक्ता (लोकेश हार्डिया व दीपू चौहान) और दो सोशल मीडिया प्रभारी (नागेश जाधव व हितेश वर्मा) बने हैं।

- इधर, भाजपा शहर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने इस कमेटी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इंदौर, जो देवी अहिल्या के नाम से जानी जाती है, वहां कांग्रेस ने अपनी कार्यकारिणी में एक भी महिला को जगह नहीं दी। इससे कांग्रेस महिला-विरोधी साबित हुई है।
- मिश्रा ने आगे कहा, लाड़ली बहना योजना का विरोध करते-करते कांग्रेस महिला-विरोधी बन गई है। प्रदेश की माताओं-बहनों को शराबी कहकर अपमानित करने वाली कांग्रेस को अपनी महिला इकाई भी भंग कर देनी चाहिए। मातृशक्ति का अपमान कांग्रेस की फितरत बन गई है।

### यह है उपाध्यक्ष, महामंत्री और सचिव

उपाध्यक्ष- प्रवेश यादव, बलराम परिहार, अंकित धवन, कमल नागर, जगदीश सतैया, गुलाब सोनकर, मित्रा भाटिया, सत्यनारायण सवाड़िया, गोपी यादव गोविंद परिहार है।

महामंत्री- नरेश यादव, अजित ठाकुर, संजय जासवाल, अभिजीत शर्मा, मुकेश पुरी, समीर शेख, जितेंद्र घोड़गांवकर, हिरओम शर्मा, विजेंद्र सिंह, विनोद चौकसे जेनेश झांझरी, आरबी सिंह भदौरिया, सौरभ हार्डिया, मुकेश यादव, भूपेंद्र सलूजा, अभिषेक मित्तल, संतोष वर्मा, कपिल हेडऊ।

सचिव- सुधीर सोनी, राजेश मेवाड़ा, रोहन तावेड़ा, नमन छाबड़ा, जितेश बदलानी, कन्हैया मिमरोट, ऋतुराज कनखेड़िया, कपिल प्रजापत, आशीष यादव, आयाज गुड्ड, विशाल जोसफ, राहुल गोलाने, कपिल नेगी, इरफान शेख, अख्तर नेता, अनस एहमद, सुधीर सिंह, अभिषेक करोसिया और सदफ पठान।

### इंदौर ईवी हादसा-बेटी बोली थी- पापा आप भी साथ चलो

# मैं उसकी चिता भी नहीं देख पाया

### पत्नी-बच्चों को खोने वाले बिहार के राजेश का दर्द

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर में हुए भीषण अग्निकांड ने एक पिता की पूरी दुनिया उजाड़ दी। बिहार निवासी राजेश जैन ने कभी नहीं सोचा था कि सुरक्षित सफर के लिए जिन पत्नी और बच्चों को उन्होंने अपने चचेरे भाई के साथ भेजा था, वे सभी एक ही हादसे में हमेशा के लिए उनसे बिछड़ जाएंगे।

इस दर्दनाक हादसे में उनकी पत्नी रुचिका, बेटी राशि, बेटा तन्मय और चचेरा भाई कार्तिक समेत कुल 8 लोगों की मौत हो गई। राजेश जैन, इस हादसे में जान गंवाने वाले बिहार के विजय जैन के दामाद हैं।



**परिवार से मिलने आई थी, चचेरा देवर भी साथ था-** रुचिका के पति राजेश जैन ने बताया कि उनकी पत्नी बच्चों के साथ अपने माता-पिता से मिलने इंदौर आई थीं। वे 15 तारीख को बिहार से निकले थे और 17 की सुबह इंदौर पहुंचे थे। राजेश ने बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अपने चचेरे भाई कार्तिक को भी उनके साथ भेजा था। उन्होंने कहा, इतनी लंबी यात्रा में पत्नी और छोटे बच्चों के साथ एक लड़का होना जरूरी लगा, इसलिए छोटू को साथ भेजा था। लेकिन वह भी इस हादसे का शिकार हो गया।

**दोनों बच्चों की पढ़ाई और छुट्टियों का था प्लान-** राजेश के मुताबिक बेटी राशि कक्षा 5वीं और बेटा तन्मय कक्षा 1 में बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ते थे। वहीं कार्तिक ने हाल ही में 10वीं बोर्ड की परीक्षा दी थी और उसकी छुट्टियां चल रही थीं। रुचिका बच्चों को नाना-नानी से मिलाने और पिता की देखभाल के लिए इंदौर आई थी। योजना थी कि स्कूल खुलने से पहले सभी लौट जाएंगे।

**17 तारीख को रात 8 बजे हुई थी आखिरी बातचीत-** राजेश ने बताया कि 17 तारीख की रात करीब 8 बजे उनकी रुचिका से आखिरी बार बात हुई थी। उन्होंने घर का हाल-चाल पूछा और वापसी टिकट को लेकर चर्चा की। रुचिका ने रात 10 बजे फिर कॉल करने की बात कही थी, लेकिन उसके बाद बात नहीं हो सकी। सुबह साले का फोन आया और हादसे की खबर मिली जिसने सब कुछ खत्म कर दिया।

**बेटी राशि ने राजेश से भी इंदौर चलने की जिद की थी-** राजेश भावुक होकर बताते हैं कि बेटी राशि ने उनसे इंदौर चलने की जिद की थी। उसने कहा था- पापा आप भी हमारे साथ चलो, हम घूमकर वापस आ जाएंगे। लेकिन काम के चलते मैं नहीं जा सका। मुझे क्या पता था कि अब मेरा परिवार कभी वापस नहीं आएगा।

**माता-पिता के इलाज के लिए आई थी रुचिका-** रुचिका के पिता विजय सेठिया और मां सुमन इंदौर में इलाज के लिए रुके हुए थे। ऐसे में रुचिका ने बच्चों के साथ इंदौर आने की इच्छा जताई थी, ताकि वह पिता की देखभाल भी कर सके और बच्चे भी नाना-नानी से मिल सकें।

# क्राइम ब्रांच ने ग्राफिक्स डिजाइनर को 12.87 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दबोचा

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार सुबह गुलमर्ग कॉम्प्लेक्स, सपना संगीता के पास से सदर बाजार निवासी मोहम्मद अजीम को अवैध मादक पदार्थ एमडी के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 12.87 ग्राम एमडी जब्त हुआ, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1.30 लाख रुपये बताई जा रही है।

क्राइम ब्रांच टीम विभिन्न क्षेत्रों में संदिग्धों की तलाशी ले रही थी। शहर के गुलमर्ग कॉम्प्लेक्स सपना संगीता के पास एक सुनसान जगह पर नीले-सफेद रंग की एक्टिवा स्कूटर पर बैठे संदिग्ध व्यक्ति को देखा गया, जो पुलिस को देखकर हड़बड़ा गया। टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को रोका और पूछताछ की, तो उसने अपना नाम मोहम्मद अजीम, निवासी सदर बाजार इंदौर बताया। तलाशी में स्कूटर की डिक्की से पारदर्शी पन्नी में लिपटा 12.87 ग्राम एमडी बरामद हुआ। आरोपी मोहम्मद अजीम ग्राफिक्स डिजाइनिंग का काम करता है और उसकी शिक्षा 12वीं कक्षा तक है। प्रारंभिक पूछताछ में उसने कबूल किया कि अवैध लाभ के लिए सस्ते दाम पर एमडी खरीदकर इंदौर में नशेड़ियों को ऊंचे दामों पर बेचता था।

### घरेलू गैस सिलेंडर की परेशानी जरूर कुछ हद तक कम हुई

# कमर्शियल सिलेंडर : मांग 2500 रोज, रीफिल हो रहे 200

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

शहर में कमर्शियल गैस सिलेंडर का संकट बरकरार है। हर दिन करीब ढाई हजार सिलेंडरों की डिमांड आ रही है, लेकिन रीफिल सिर्फ 200 से 250 ही हो पा रहे हैं। वह भी हॉस्पिटल, सरकारी मेस व स्कूलों तक ही पहुंच पा रहे हैं। होटल-ढाबे अब भी पूरी तरह भट्टियों, इंडक्शन या इलेक्ट्रिक उपकरण पर निर्भर हैं। वहीं घरेलू गैस सिलेंडर की परेशानी जरूर कुछ हद तक कम हुई है। प्रशासन द्वारा प्रतिदिन 35 हजार घरेलू गैस सिलेंडर डिलीवर करने का दावा किया जा रहा है। अधिकारी भी मानते हैं कि कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाय अभी आसान नहीं है।



कलेक्टर शिवम वर्मा ने एलपीजी आपूर्ति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पिछले 10 दिनों में घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 3 लाख 63 हजार गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी की गई, जो सामान्य दिनों की तुलना में एक रिकॉर्ड है। सामान्यतः इसी अवधि में लगभग 2 लाख 60 हजार सिलेंडरों की आपूर्ति होती है। जिले में घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की स्थिति अब पूरी तरह सामान्य हो गई है। उपभोक्ताओं को बुकिंग के 3 से 5 दिन के भीतर सिलेंडर मिल रहा है।

**शादी-ब्याह में अचानक बढ़ जाती है डिमांड-** अधिकारियों का मानना है कि शादी-ब्याह और सीजनल आयोजनों के दौरान कमर्शियल गैस की मांग अचानक बढ़ जाती है। ऐसे समय में सप्लाई और डिमांड के बीच अंतर और ज्यादा बढ़ जाता है, जिससे संकट गहरा सकता है। फूड कंट्रोलर एम.एल. मारू के मुताबिक स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और सप्लाई को धीरे-धीरे बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में कमर्शियल सिलेंडर की उपलब्धता में सुधार की उम्मीद है। कुल मिलाकर, जहां घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिली है, वहीं व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए अभी इंतजार बाकी है।

## खबर एक नजर...

### गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज का समारोह कल

**उज्जैन।** गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज फ्रीगंज का सम्मान समारोह और सांस्कृतिक समागम 22 मार्च, रविवार को इंदौर रोड स्थित प्रशांति गार्डन में होगा। पं. राजेंद्र तिवारी ने बताया कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से गौतम जयंती महोत्सव के तहत आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि विवेक दुबे रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष माया त्रिवेदी और प्रांतीय अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी शामिल होंगे।

### प्रकटेश्वर मंदिर में पंचांग पूजन के साथ मनाया ज्योतिष दिवस

**उज्जैन।** प्रकटेश्वर महादेव मंदिर में गुड़ी पड़वा पर विक्रम संवत 2083 के पहले दिन पंचांग पूजन और ध्वजारोहण के साथ नव संवत्सर की शुरूआत हुई। कार्यक्रम विक्रम उत्सव के तहत आयोजित किया गया। आयोजन सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, महाराज विक्रमादित्य शोधपीठ, सम्राट विक्रमादित्य विद्वत परिषद, पूर्ण फाउंडेशन और मंदिर की शिव विष्णु समिति के संयुक्त सहयोग से हुआ। अतिथि के रूप में प्रो. अर्पण भारद्वाज मौजूद रहे। संचालन राम तिवारी ने किया। इस अवसर पर राजेश कुशवाह, नरेश शर्मा, मंदिर पुजारी घनश्याम शर्मा, डॉ. अनिल कुमार शर्मा, डॉ. दिलीप सोनी, रमन सोलंकी मौजूद थे।

### बगलामुखी धाम में चल रहे अनुष्ठान में पहुंचे मुख्यमंत्री

**उज्जैन।** भैरवगढ़ रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में चल रहे 10 महाविद्या देवियों की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। यह अनुष्ठान भर्तृहरि गुफा के गादीपति महंत योगी पीर रामनाथ महाराज के सानिध्य में कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री उज्जैन प्रवास के दौरान रात्रि में समय निकालकर मंदिर पहुंचे। उन्होंने महंत रामनाथ महाराज के साथ नवनिर्मित मंदिर का अवलोकन किया और मंदिर के मध्य प्रांगण में स्थापित मां दुर्गा की विशाल प्रतिमा का पूजन-अर्चन भी किया। यह अनुष्ठान नौ दिन तक चलेगा और इसकी पूर्णाहुति रामनवमी पर्व पर 27 मार्च को होगी। इस अवधि में 10 महाविद्याओं में शामिल मूर्तियों की एक-एक कर प्रतिष्ठा की जाएगी।

### अग्रवाल जेसिस ने गजलक्ष्मी मंदिर पर कुलदेवी का किया सोलह श्रृंगार

# रैली मार्ग में सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संस्थाओं ने लगाए स्वागत मंच, पुष्पों से किया स्वागत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल की जयंती (चेटीचंड महापर्व) के अवसर पर शुक्रवार को सकल सिंधी समाज उज्जैन द्वारा निकाली गई ऐतिहासिक वाहन रैली का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवा ध्वज दिखाकर किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान झूलेलाल को समाज के लिए मार्गदर्शक बताते हुए सभी को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, विधायक सतीश मालवीय, भाजपा नगर जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री जया प्रदा, अभिनेता आफताब शिवदासानी एवं लोकप्रिय धारावाहिक ह्लतारक मेहता का उल्टा चश्माह्व में गोली का किरदार निभाने वाले कलाकार भी विशेष रूप से शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने सभी अतिथियों का मोमेंटो देकर स्वागत एवं सम्मान किया। रैली में इस वर्ष ऐतिहासिक जनसहभागिता देखने को मिली। सैकड़ों कारें, सैकड़ों दोपहिया वाहन, खुली जीप, विंटेज गाड़ियां एवं आकर्षक झांकियां रैली का विशेष आकर्षण रहीं। 10 से अधिक डीजे वाहनों के साथ हजारों की संख्या में महिला-पुरुष एवं युवा ह्लजय झूलेलालह्व के जयकारों के साथ पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण बना रहे थे और भगवान झूलेलाल की आराधना करते हुए चल रहे थे।

जानकारी देते हुए गोपाल बलवानी ने बताया कि यह आयोजन मुख्य संयोजक महेश परयानी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। आयोजन में अध्यक्ष प्रताप रोहरा, सचिव महेश गंगवानी, रमेश समदानी, दौलत खेमचंदानी, डॉ. जितेंद्र जेठवानी, रमेश गजरानी, तीर्थ रामलानी दीपक बेलानी, अजय रोहरा, जवाहर सनमुखानी अशोक चावला जवाहर जयसिंघानी एवं ललित लुल्ला की विशेष भूमिका रही। रैली मार्ग में अनेक सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संस्थाओं द्वारा स्वागत मंच लगाए गए। विभिन्न समाजों के अलग-अलग वर्गों ने उत्साहपूर्वक रैली का स्वागत किया, जिससे पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला रैली में सकल सिंधी समाज के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। इ नमें मुख्य रूप से किशोर मुलानी, लोकेश आडवानी, कपिल बाशानी, कमल शाहलानी, पंकज कृष्णानी, सौरभ बेलानी, सोनू वासवानी, नितिन वासवानी, मितेश जेठवानी, जितेंद्र भाटिया, किशोर चंदनानी, सोनू खत्री, गंगाराम राघवानी, अशोक राजवानी, दीपक रजवानी, विनोद लुल्ला रवि वासवानी, वेदप्रकाश आडवाणी, किशोर चंदनानी एवं पवन खूबानी सहित अन्य समाजजन शामिल रहे। मातृशक्ति में पुष्पा कोटवानी, पार्षद दिव्या बलवानी, रिंकू बेलानी एवं स्वाति गजरानी मोना चावला का भी विशेष सहयोग रहा।

रैली का समापन इंदिरा नगर स्थित पूज्य पंचायत द्वारा आयोजित भोजन प्रसादी के साथ किया गया। सकल सिंधी समाज ने इस ऐतिहासिक रैली को सफल बनाने हेतु सभी समाजजनों, कार्यकताओं एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# सिंहपुरी और भागसीपुरा से निकाली गेर में झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री महाकालेश्वर भर्तृहरि विक्रम ध्वज चल समारोह समिति श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा गुड़ी पड़वा पर आताल-पाताल महाभैरव सिंहपुरी क्षेत्र से गेर निकाली।

पंडित रूपम जोशी, अर्पित दुबे व पंडित आदर्श जोशी ने बताया गेर में इस बार ऊंट, कड़ाबीन, 8 बैंड, 51 ढोल, 20 घोड़ी, 108 ध्वज निशान के साथ झांकियां निकाली। झांकियों में रक्तबीज का वध करते हुए देवी, कुंभकरण वध, चलित नाट्य शैली में भगवान शिव का अघोर स्वरूप में तीसरे नेत्र से उत्पन्न अग्नि और भूतों की टोली आकर्षण का केंद्र रही। गेर प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः सिंहपुरी क्षेत्र पहुंचेगी।



इधर, श्री आनंद भैरव नवयुवक मित्रमंडल भागसीपुरा गुरु मंडली की आनंद भैरव विक्रम ध्वज चल समारोह भागसीपुरा से निकाला। गेर में रतलाम की रंगारंग झांकियां, भस्मासुर, सांवलिया सेठ आदि झांकी आकर्षक का केंद्र रही।

# गार्डर सहित क्रेन टिल्लर नदी में गिरी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

तराना रेलवे स्टेशन के समीप शुक्रवार को बड़ा हादसा टल गया। टिल्लर नदी के ब्रिज पर गार्डर बदलने के दौरान गार्डर सहित क्रेन नदी में जा गिरी। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। क्रेन और गार्डर क्षतिग्रस्त होने से नुकसान हुआ। कुछ ट्रेन का आवागमन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ।

हादसा उज्जैन-भोपाल रेल लाइन पर तराना रोड रेलवे स्टेशन से करीब 5 किलोमीटर दूर टिल्लर नदी की पुलिया नंबर-53 पर हुआ। टिल्लर नदी पर दो ब्रिज से अप-डाउन ट्रेनों की आवाजाही होती है। एक पुराने ब्रिज के गार्डर में खराबी आ गई थी। शुक्रवार सुबह रेलवे के ब्रिज पर गार्डर बदलने का काम चल रहा था। क्रेन से गार्डर को बदला जा रहा था।

इस दौरान अचानक बैलेंस बिगड़ा और गार्डर सहित क्रेन नदी में जा गिरी। जहां क्रेन और गार्डर गिरी, वहां नदी में पानी नहीं था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मिट्टी धंसने के कारण यह हादसा हुआ है। घटना के बाद दो लाइनों में से एक लाइन बंद कर दी गई। मामले में स्टेशन मास्टर एसएस मीणा से संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि छुट्टी पर हूं।



इधर रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया गार्डर रखने के दौरान अन-बैलेंस होने की वजह से घटना हुई।

# सीए और टैक्स प्रेक्टिशनर्स से भी मिल जानकारी ली

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

करदाता सेवा महानिदेशालय (डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ टैक्स पेयर सर्विसेस) के प्रिंसिपल एडिशनल डायरेक्टर जनरल सुमित कुमार शुक्रवार को उज्जैन आए। भरतपुरी स्थित जीएसटी भवन में उन्होंने दोपहर को अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थानीय स्तर पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद डीजीटीएस, अहमदाबाद जोनल यूनिट के अंतर्गत एडीजी कुमार ने करदाताओं, टैक्स प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन और द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की स्थानीय ब्रांच के पदाधिकारियों के साथ भी बैठक कर उनसे चर्चा की।




उन्होंने करदाताओं, टैक्स प्रेक्टिशनर्स और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स से कहा कि कोई भी मदद और टैक्स संबंधी क्यूरी को लेकर वे सीधे विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर उसका समाधान पा सकते हैं। एडीजी कुमार ने मीडिया से चर्चा में कहा कि करदाताओं के अलावा टैक्स प्रेक्टिशनर्स को जागरूक करने के लिए भी पूरे देशभर में जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में डॉक्टर्स के लिए भी ऑल इंडिया एक प्रोग्राम करने जा रहे हैं, ताकि टैक्स को लेकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया जा सके। इस दौरान ज्वाइंट डायरेक्टर चंचल कुमार तिवारी और आयुक्त पी. देवराज भी उपस्थित थे। एडीजी कुमार चर्चा करते हुए।

# अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों का जल्द निपटारा करें -मिश्रा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नगर निगम में कर्मचारी संघ की लंबित मांगों और प्रकरणों को लेकर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने संघ प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में संघ संरक्षक रामचंद्र कोरट सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। आयुक्त ने स्थापना विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनुकंपा नियुक्ति से जुड़े प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई कर उनका शीघ्र निस्तारण किया जाए। बैठक में सिंहस्थ 2028 और महाकाल लोक निर्माण के बाद शहर में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। साथ ही ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों के मेडिकल अलाउंस में वृद्धि, आउटसोर्स कर्मचारियों को कलेक्टर दर से वेतन, सफाई कार्य में खड़ी झाड़ू के उपयोग का सख्ती से पालन, कर्मचारियों की बस्तियों में जर्जर मांगलिक भवनों की मरम्मत व नए भवन निर्माण, स्थायी व विनियमित कर्मचारियों को ड्रेस उपलब्ध कराने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

## खबर एक नजर...

### वाल्मीकि समाज अधिकारी कर्मचारी संघ ने मनाया भव्य होली मिलन समारोह

**उज्जैन।** वाल्मीकि समाज अधिकारी कर्मचारी संघ सम्पूर्ण भारत की उज्जैन इकाई द्वारा 20 मार्च को उज्जैन संभाग कार्यालय पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संभाग अध्यक्ष हेमराज घावरी, संभाग कोर कमेटी अध्यक्ष जीतेन्द्र भाटी और जिला अध्यक्ष रवि सीहोते के नेतृत्व में पूर्ण हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

समारोह में उपस्थित समाजजनों और पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को केसरिया गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दशरथ सीहोते, हेमराज घावरी, जीतेन्द्र भाटी और रवि सीहोते द्वारा सभी पदाधिकारियों को आराध्य देव गोगा जी महाराज की शील्ड भेंट कर और दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया।

संभाग मीडिया प्रभारी रामु हंस ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन में प्रदेश संगठन सचिव दशरथ सीहोते, प्रदेश संगठन प्रचार सचिव विष्णु प्रसाद गोसर, संभाग उपाध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार गोसर, संभाग महामंत्री दिनेश लावरे, जिला सचिव कमल फातरोड़, जिला कोषाध्यक्ष दिनेश तंवर, जिला वरिष्ठ सलाहकार मोहनलाल करोसिया, जिला मंत्री संतोष टोपे, दक्षिण तहसील अध्यक्ष घनश्याम छपरी और दक्षिण तहसील वरिष्ठ सलाहकार कमल गोयल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### नव संवत्सर पर जैन कवि संगम की काव्य गोष्ठी संपन्न

**उज्जैन।** नव संवत्सर और गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर पर जैन कवि संगम द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी रहे, जबकि अध्यक्षता जैन कवि संगम के प्रदेश अध्यक्ष सुगनचंद जैन ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रारंभ में डॉक्टर खुशबू बाफना ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत सुगनचंद जैन और संगीता तल्लेरा ने किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी कवियों और कवयित्रियों का सम्मान भी किया गया।

गोष्ठी में रचनाकारों ने अपनी शानदार कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉक्टर अर्चना बाफना ने 'मेरा वतन है हिंदुस्तान, जिसमें बसती मेरी जान', डॉ अमरीश जैन ने 'अपने पराए जो बिछड़े थे रंग भरे चेहरे में मिले' और राकेश खेमसरा ने 'मुझे भी अपना बचपन याद आता है, जहां खेले थे कूदे थे वह आंगन याद आता है' का पाठ किया।

संगीता तल्लेरा ने 'जो खोकर भी मिल जाता है वह असली खुशी देकर जाता है', सुदीप जैन ने 'कल खो दिया आज के लिए और आज खो दिया कल के लिए', दिलीप जैन ने 'एक नन्हा सा फूल खिला सारा उपवन महकने लगा' और राकेश चौरडिया ने 'नई उमंगों नई तरंगों संकल्पों का दिन, आया नए साल का दिन' रचना प्रस्तुत की।

अनिल पांचाल सेवक ने अपनी मालवी रचना 'नी अड़वा की, नी लड़वा की, बधाई गुड़ी पड़वा की' सुनाकर खूब दाद बटोरी।

### आर.डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज में 28वें डॉ. बी. मुखोपाध्याय पोस्टग्रेजुएट कोर्स का शुभारंभ

# चिकित्सा शिक्षा में एआई और नई तकनीकों पर हुआ मंथन, ऑर्थोपेडिक्स के छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 60 तक पहुंचा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



आर.डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को ऑर्थोपेडिक्स के 28वें डॉ. बी. मुखोपाध्याय पोस्टग्रेजुएट इंस्ट्रक्शनल कोर्स का औपचारिक उद्घाटन हुआ। 20 से 22 मार्च तक चलने वाला यह तीन दिवसीय आयोजन विशेष रूप से ऑर्थोपेडिक्स के पोस्टग्रेजुएट छात्रों की क्लिनिकल समझ और सर्जिकल विशेषज्ञता बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के नेशनल बोर्ड ऑफ मेडिकल साइंसेज की कार्यकारी निदेशक डॉ. मीनू बाजपेयी रहीं। उन्होंने नेशनल बोर्ड ऑफ मेडिकल साइंसेज का संक्षिप्त परिचय देते हुए चिकित्सा शिक्षा में एआई शिक्षण और निगरानी सहित सभी नई तकनीकों के उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. बाजपेयी ने रीइम्प्लांटेशन की नई फेलोशिप शुरू करने की जानकारी दी और ऑर्थोपेडिक रिसर्च एंड एजुकेशन फाउंडेशन की गतिविधियों की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. जॉन मुखोपाध्याय ने फाउंडेशन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. बी. मुखोपाध्याय ने 1993 में इस पाठ्यक्रम की शुरूआत की थी। इसका मुख्य उद्देश्य उस समय के ऑर्थोपेडिक सर्जनों को आधुनिक ज्ञान प्रदान करना था क्योंकि तब ज्ञानवर्धन के लिए कार्यशालाएं या सम्मेलन आयोजित नहीं होते थे। कोर्स डायरेक्टर और आयोजन अध्यक्ष डॉ. डी. के. तनेजा ने पाठ्यक्रम की उत्पत्ति और इसके व्यापक प्रभाव पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि 1997 से इस प्रकार के कोर्स निरंतर चल रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप स्नातकोत्तर छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत जो पहले मुश्किल से 15 से 16 प्रतिशत था वह अब बढ़कर 60 प्रतिशत तक पहुँच गया है।

### सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में मनाया गया विश्व गौरैया दिवस

# बढ़ते शहरीकरण ने छीना गौरैया का आशियाना, पक्षियों के लिए बांटे गए सकोरे और कृत्रिम घोंसले

### प्राध्यापकों और छात्रों ने ली पक्षी संरक्षण की शपथ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में आज 'विश्व गौरैया दिवस' के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे (पानी के पात्र) और कृत्रिम घोंसले वितरित किए गए, ताकि गर्मी के मौसम में उन्हें आसानी से दाना-पानी मिल सके।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर अर्पण भारद्वाज ने अपने संबोधन में पर्यावरण और पक्षियों के अंतसंबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गौरैया हमारे घरेलू जीवन का अहम हिस्सा रही है, लेकिन बढ़ते शहरीकरण ने इनसे इनका आशियाना छीन लिया है। हमें न केवल आधुनिक बनना है, बल्कि अपनी जैव-विविधता को भी सहेजना है।

कुलानुशासक प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार शर्मा ने गौरैया के सांस्कृतिक और पारिस्थितिक महत्व पर जोर देते हुए कहा कि लोक गीतों और कहानियों की यह 'गौरैया' आज संकट में है। मोबाइल विकिरण और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग ने इनकी संख्या को काफी कम कर दिया है। उन्होंने प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता लौटाने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी को अपने घर में कम से कम एक सकोरा और दाना-पानी का पात्र अवश्य रखना चाहिए। ?इस अवसर पर उपस्थित समस्त प्राध्यापकों और छात्रों ने पक्षी संरक्षण की शपथ ली।

### सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में मनाया गया विश्व गौरैया दिवस

**उज्जैन।** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरुण गुप्ता कार्य परिषद सदस्य, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश गर्ग ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुराग जैन सचिव सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंध समिति उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि वरुण गुप्ता का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्य एकता इंगले ने किया तथा ओमप्रकाश गर्ग का स्वागत भगवान सिंह ठाकुर ने किया। वरुण गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी परंपरा और संस्कृति के कारण कम भूमि और अधिक जनसंख्या होने के बाद भी हमारे देश में संतुलन कायम है।

# दि. जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के 30वें राष्ट्रीय अधिवेशन कार्यालय का शुभारंभ

### उज्जैन रीजन को मिली मेजबानी, 12 अप्रैल को राजस्थान के चांदखेड़ी में होगा भव्य आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के 30वें राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में आयोजन कार्यालय का विधिवत शुभारंभ नानाखेड़ा स्थित हर्षदीप बिजनेस पार्क में संपन्न हुआ। यह एक दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 12 अप्रैल 2026 रविवार को राजस्थान के पावन अतिशय क्षेत्र चांदखेड़ी में आयोजित किया जाएगा। इस बार आयोजन की जिम्मेदारी उज्जैन रीजन को सौंपी गई है।

राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी प्रशांत चौधरी ने बताया कि अधिवेशन को लेकर सभी स्तरों पर व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन एवं मंगलाचरण से हुई। अतिथियों के स्वागत सत्कार के पश्चात अधिवेशन के पोस्टर एवं ऑनलाइन पंजीयन हेतु गूगल फॉर्म का विमोचन किया गया।

**सामूहिक सहयोग से ऐतिहासिक बनेगा आयोजन**

शुभारंभ के अवसर पर फेडरेशन के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका ने कहा कि पदाधिकारियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति यह संकेत दे रही है कि यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ अधिवेशन होगा। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अश्विन कासलीवाल ने कहा कि पिछले राष्ट्रीय अधिवेशन की जिम्मेदारी उज्जैन के सम्यक ग्रुप ने बखूबी निभाई थी। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि उज्जैन रीजन इस बार इस अधिवेशन को और भी अधिक भव्य बनाएगा। वहीं, कॉन्फ्रेंस चेयरमैन हितेष जैन परम ने कहा कि सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सामूहिक सहयोग ही इस अधिवेशन की सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर अध्यक्षीय सलाहकार आशीष जैन सुतवाला, उज्जैन रीजन अध्यक्ष नवीन जैन, रीजन सचिव मनीष जैन, रीजन एवं कॉन्फ्रेंस कोषाध्यक्ष रत्नेश जैन सहित उज्जैन, देवास एवं इंदौर के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# उज्जैन में पहली बार लगा झूलेलाल मेला, प्रतिमा के समक्ष मना चेटीचंड महापर्व

### मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित प्रतिमा स्थल पर हुई महाआरती, मुंबई-पुणे के फूलों से सजा उद्यान और लगा सिंधी व्यंजनों का मेला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चेटीचंड महापर्व 20 मार्च को उज्जैन में पहली बार झूलेलाल मेले का आयोजन हुआ। संतराम सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल उद्यान में विश्व की सबसे भव्य और विशाल भगवान झूलेलाल की प्रतिमा के समक्ष विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। उल्लेखनीय है कि इस विशाल प्रतिमा का लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया है।

कार्यक्रम संयोजक महेश सीतलानी ने बताया कि महापर्व को लेकर उद्यान में व्यापक तैयारियां की गईं। भगवान की प्रतिमा और संपूर्ण उद्यान को मुंबई और पुणे से मंगाए गए विशेष फूलों से सजाया गया। इसके साथ ही आकर्षक विद्युत सज्जा और युवाओं के लिए शानदार सेल्फी पॉइंट भी बनाए गए। पर्व के उपलक्ष्य में एक विशाल सिंधी मेले का आयोजन भी हुआ, जिसमें बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले और पारंपरिक सिंधी व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए।

आयोजन की शुरूआत भगवान झूलेलाल की भव्य महाआरती के साथ हुई। आरती के पश्चात आसमान में रंगारंग आतिशबाजी की गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन और प्रसादी की व्यवस्था की गई।

इस भव्य आयोजन में समाज के वरिष्ठ रूप पमनानी, मुकेश जेठवानी, दीपक वाधवानी, दयाल वाधवानी, धर्मेंद्र लालवानी, नरेश सीतलानी और राजकुमार परसवानी सहित समाज के कई अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## खबर एक नजर...

### महर्षि गौतम जयंती पर उदूर्पुरा समाज ने चल समारोह निकाला

**उज्जैन।** महर्षि गौतम जयंती पर गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाजजन ने समाज धर्मशाला से बैंड, ढोल, बग्घी, ध्वजा के साथ चल समारोह निकाला। समाज अध्यक्ष विजय शर्मा के अनुसार दोपहर में साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई, जिसमें आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। शाम को निकले चल समारोह में पुरुष सदस्यों ने सफेद और महिलाओं ने पीले परिधान पहनकर सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान समाज के नवजात बच्चों की ढूंढ की रस्म भी कराई गई। साथ ही जस्सू गुरु महाराज को महंत की उपाधि मिलने पर अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अतिथि बुद्धिप्रकाश शास्त्री, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष माया त्रिवेदी और प्रांतीय अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी थे। इसके बाद बालाजी महाराज की महाआरती हुई। इस दौरान शशि जोशी, मुकेश बटवाल, आशीष शर्मा, नीलेश शर्मा, जीवन तिवारी आदि मौजूद थे।

### नगरकोट माता का किया आकर्षक श्रृंगार

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य की देवी नगर कोट माताजी को नगरकोट की रानी के नाम से भी जानते हैं। नवरात्रि में यहां माताजी का विशेष श्रृंगार किया गया। स्कंद पुराण के अवंतिका क्षेत्र महात्म्य में इसका संबंध विक्रमादित्य के काल से है। पंडित गोपाल व्यास के अनुसार चैत्र माह की नवरात्रि में विशेष रूप से माता की आराधना और मंत्र उच्चारण व्यक्ति की सभी मनोकामना को पूर्ण करता है। यहां आने वाले भक्तों के अनुसार माता के दर्शन करने से मन का डर समाप्त हो जाता है। दर्शनार्थी मनोहरसिंह पवार ने बताया कि नवरात्रि में कम से कम एक बार तो नगरकोट माताजी के दर्शन करना चाहिए।

### वरिष्ठ समाजसेवी महेश परियानी का सम्मान

**उज्जैन।** चेटीचंड पर्व पर शुक्रवार को सिंधी समाज का विशाल चल समारोह टावर चौक फ्रीगंज से शुरू हुआ। जिसे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सिंधी समाज के चल समारोह का दृष्टि इंडिया परिवार की ओर से नगर निगम की ग्रांड होटल के समीप भव्य मंच लगाकर ऐतिहासिक स्वागत किया गया।

सिंधी समाज के वरिष्ठ और शहर के वरिष्ठ समाजसेवी महेश परियानी का दृष्टि इंडिया परिवार की ओर से सम्मान किया गया। इस मौके पर दृष्टि इंडिया न्यूज के डायरेक्टर राम सिंह चौहान, वरिष्ठ सदस्य आरएस चौहान, सुधीर तिवारी, केके गौतम, मोरेश्वर राव उलारे, जयराज मंडेरिया, रानू सक्सेना,नितेश मालवीय, रजनीश मालवीय, राज प्रजापत, आयुष चौहान, पीयूष सिंह चौहान आदि की मौजूदगी में सिंधी समाज जनों को जल, आइसक्रीम और छाछ का वितरण किया गया। चल समारोह में शामिल सिंधी समाज जनों पर दृष्टि इंडिया के मंच से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

### नागदा पालिका अध्यक्ष के वित्तीय अधिकारों पर हाईकोर्ट की रोक:

# सरकार ने गजट नोटिफिकेशन जारी नहीं किया, जावरा समेत दो और नगर पालिकाओं पर ऐसी कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




इंदौर हाई कोर्ट ने शुक्रवार को नागदा नगर पालिका अध्यक्ष संतोष ओपी गहलोत के वित्तीय अधिकारों पर 6 हफ्तों के लिए रोक लगा दी है। कोर्ट के इस आदेश के बाद अब वे किसी भी सरकारी भुगतान या वित्तीय फाइल पर साइन नहीं कर पाएंगी। इससे शहर के विकास कार्यों और नगर पालिका के कामकाज पर बड़ा असर पड़ने की आशंका है।

यह पूरा मामला गजट नोटिफिकेशन (राजपत्र में सूचना) से जुड़ा है। भाजपा नेता अशोक मावर और कांग्रेस पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार राठौर ने एक याचिका दायर की थी। इसमें बताया गया कि प्रदेश की 395 नगर पालिकाओं और परिषदों के अध्यक्ष-उपाध्यक्षों का गजट नोटिफिकेशन सरकार ने समय पर जारी नहीं किया है।

जज प्रणय वर्मा की बेंच ने साफ कहा कि बिना वैध नोटिफिकेशन के वित्तीय अधिकार मान्य नहीं होंगे।

नियम के मुताबिक, चुनाव के एक महीने के भीतर यह नोटिफिकेशन जारी होना जरूरी है। मध्य प्रदेश में निकाय चुनाव 2022 में हुए थे, लेकिन सत्ता परिवर्तन और प्रशासनिक सुस्ती के कारण अब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। नागदा के साथ-साथ शुक्रवार को जावरा समेत दो अन्य नगर पालिकाओं के अध्यक्षों के अधिकारों पर भी ऐसी ही रोक लगाई गई है। नगर पालिका के ठेकेदारों और कर्मचारियों के वेतन या भुगतान में देरी हो सकती है। विकास से जुड़ी नई फाइलें और टेंडर प्रक्रिया अटक सकती है। वित्तीय पावर न होने से शहर की सफाई या बिजली जैसे जरूरी कामों के बजट पर असर पड़ सकता है।

#### आगे क्या?

हाई कोर्ट ने नगर पालिका को अपना पक्ष रखने के लिए 6 हफ्ते का समय दिया है। इस मामले में अध्यक्ष प्रतिनिधि ओपी गहलोत का कहना है कि वे कोर्ट के आदेश की कॉपी का अध्ययन कर रहे हैं और वकीलों से सलाह लेने के बाद ही अगला कदम उठाएंगे।

### सीवरेज खुदाई से गैस लाइन टूटी, एक हजार घरों में दिनभर नहीं जला चूल्हा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच पीएनजी उपभोक्ता भी खासे परेशान हुए। सीवरेज लाइन खुदाई करते हुए क्षतिग्रस्त हुई गैस पाइप लाइन के कारण एक हजार से ज्यादा परिवार में दिनभर चूल्हा नहीं जला। लाइन मरम्मत के बाद रात 9.30 बजे इन घरों की सप्लाई शुरू हो सकी। तब कहीं जाकर इन एक हजार परिवारों के घर गैस चूल्हे जले। आमजन को आए दिन झेलना पड़ रही इन परेशानियों को लेकर पड़ताल की तो चौकाने वाली बात सामने आई। अति आवश्यक सेवाओं में शामिल पेयजल और गैस लाइन कहां से निकली यह संबंधित विभागों को ही पता नहीं है। घटनाक्रम तिरूपति रेसीडेंसी क्षेत्र में शाम को सामने आया। गैस लाइन नहीं चलने पर लोगों ने गैस कंपनी के कस्टमर केयर पर संपर्क कर परेशानी बताई। इधर, लगातार आ रही शिकायतों को लेकर गैस लाइन कंपनी की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन इसी बीच आंधी व बारिश का दौर शुरू हो गया और सुधार कार्य रोकना पड़ा। बाद में एक लीकेज मिला। जिसे ठीक करने के बाद भी गैस सप्लाई बहाल नहीं हो सकी और टीम को फिर से चैक करना पड़ा।

### हृदय जांच अभियान के 102 शिविर पूरे, तराना के परी में आज

**उज्जैन।** निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान के तहत अब तक 102 शिविर पूरे हो चुके हैं। इस अभियान के अंतर्गत गुरुवार को दक्षिण विधानसभा के ग्राम लेकोड़ा में देवास के अमलतास सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के सहयोग से तथा बड़नगर विधानसभा के ग्राम पीपलू में एसएन कृष्णा हॉस्पिटल के सहयोग से शिविर आयोजित किए गए। 21 मार्च को तराना विधानसभा के ग्राम परी स्थित देवनारायण मंदिर में शिविर आयोजित होगा। अभियान के मुख्य संयोजक सत्यनारायण खोईवाल के अनुसार मित्र समूह पूर्णिमाश्री सेवा संगठन और जिला प्रशासन के सहयोग से पूरे उज्जैन जिले में यह निःशुल्क हृदय जांच अभियान चलाया जा रहा है। आयुष्मान योजना के लिए अधिसूचित निजी अस्पतालों के माध्यम से हजारों ने हृदय संबंधी जांच कराई है और परामर्श व उपचार का लाभ लिया है। कई को निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क जांच, परामर्श और ऑपरेशन जैसी सुविधाओं का लाभ लेने के लिए जनप्रतिनिधियों और संगठन पदाधिकारियों ने लोगों से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

# लोकार्पण के बाद स्वीमिंग पूल देखने पहुंचे लोग

## निगम आज करेगा तैयारी; कल से 7 दिन तक तैराकी मुफ्त में






ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कोठी रोड स्थित तरणताल पर नगर निगम द्वारा बनाए आधुनिक अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्वीमिंग पूल शुरूआती 7 दिनों तक निःशुल्क रखने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था शनिवार से लागू की जाना थी, लेकिन गुरुवार को बड़ी संख्या में लोग पूल देखने पहुंचने से व्यवस्थाओं पर दबाव की स्थिति बनी। नगर निगम ने पहले व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने का निर्णय लिया।

शुक्रवार को महापौर टटवाल ने अधिकारियों के साथ चर्चा कर स्पष्ट निर्देश दिए कि शनिवार तक सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं और रविवार से निःशुल्क प्रवेश व्यवस्थित तरीके से शुरू किया जाए।स्वीमिंग पूल के संचालन की जिम्मेदारी नगर निगम के पास ही है। इसके लिए अधिकारी जितेंद्रसिंह जादौन को संचालन प्रभारी बनाया है। उन्हें निर्देश दिए हैं कि निःशुल्क अवधि समाप्त होने के बाद नियमित संचालन के लिए समय और शुल्क का प्रस्ताव तैयार करें। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बताया कि 7 दिन की निःशुल्क अवधि में पुराने तरणताल का समय ही लागू रहेगा। साथ ही व्यवस्थाओं के लिए तरण ताल के पुराने के कर्मचारियों को ही अभी जिम्मेदारी दी गई है।

बता दें कि पुराने स्वीमिंग पूल के समयानुसार सुबह 6 से 10 बजे और शाम 5 से 8 बजे तक नागरिकों को प्रवेश मिलेगा। महापौर ने बताया कि आवश्यकता के अनुसार समय में बदलाव भी किया जा सकता है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एक समय में 40 से 50 लोगों को ही प्रवेश देने पर विचार किया जा रहा है। सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को लेकर अंतिम निर्णय शनिवार को लिया जाएगा। 8.30 करोड़ रुपए से इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के आधुनिक स्वीमिंग पूल का निर्माण हुआ है, जिसका लोकार्पण गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया है। शुरूआती 7 दिनों तक प्रवेश निःशुल्क रखा जाएगा.

# कृषि अध्ययनशाला की नई बिल्डिंग का काम अब तक पूरा नहीं और करवा दिया लोकार्पण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की कृषि अध्ययनशाला की जिस नई बिल्डिंग का विश्वविद्यालय प्रशासन ने दीक्षांत समारोह में अतिथियों के हाथों ई-लोकार्पण तो करवा लिया, लेकिन हकीकत यह है कि उस बिल्डिंग का काम अब तक पूरा नहीं हुआ है। हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन यह दावा कर रहा है कि बिल्डिंग का काम पूरा हो चुका है।

विश्वविद्यालय के अध्ययनशाला परिसर में सांख्यिकी डिपार्टमेंट से आगे 17 करोड़ रुपए की लागत से कृषि अध्ययनशाला की नई बिल्डिंग बन रही है। पिछले ढाई साल से इस बिल्डिंग को बनाने का काम चल रहा है, जो अब तक जारी है। हाल ही में 17 मार्च को हुए विश्वविद्यालय के 30वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए थे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने दीक्षांत समारोह में अतिथियों के हाथों कृषि अध्ययनशाला की इस नई बिल्डिंग का ई-लोकार्पण करवा दिया। लोकार्पण के तीन दिन बाद शुक्रवार को जब भास्कर टीम ने मौके पर जाकर पड़ताल की तो पता चला कि कृषि अध्ययनशाला की बिल्डिंग का काम तो अभी भी जारी है। बिल्डिंग के अंदर बने मैदान में मंच बनाया है। इस पर ग्रेनाइट लगाने का आधा काम बाकी है। इसके अलावा रैंप बनाने और उस पर ग्रेनाइट लगाने का काम भी अब तक नहीं हुआ है। वहीं पीछे की तरफ बनाए जा रहे पोर्च के प्लास्टर का काम भी एक-दो दिन के भीतर ही हुआ है। इसके अलावा भी कुछ छोटे-छोटे कार्य बाकी हैं।

इस संबंध में जब कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज से चर्चा नहीं हो सकी। कुलसचिव डॉ. अनिलकुमार शर्मा का कहना है कि कृषि अध्ययनशाला की नई बिल्डिंग का काम पूरा हो चुका है। कुलगुरु और कार्यपरिषद् सदस्यों ने भवन का अवलोकन किया था।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया

**उज्जैन।** इंदिरानगर सिंधी समाज की अगुवाई में चेटीचंड महोत्सव आयोजित किया गया। सांस्कृतिक सत्र में महिला सहभागियों ने समाज से एक परिवार की तरह एकजुट रहने का संदेश दिया। समाज के 80 मेधावी विद्यार्थियों के साथ वरिष्ठजनों का भी सम्मान किया गया। आयोजन में केक काटकर आराध्य देव भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव मनाया गया। मीडिया प्रभारी जीएल जेठवानी के अनुसार अलखधाम से आए संत अमोलक दास ने आशीर्वचन दिए। कार्यक्रम के तहत निकली रैली का इंदिरानगर परिसर में स्वागत किया गया। इसके बाद भगवान झूलेलाल का बहिराणा साहब इंदिरानगर के प्रमुख मार्गों से निकाला गया।

# प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह ने सामूहिक विवाह में कन्याओं को दान स्वरूप दिये ट्रॉली बैग



ब्रह्मास्त्र ›› पिपलिया मंडी

18 मार्च 26 को खाटू श्याम मित्र मंडल नारायणगढ़ के द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं तुलसी विवाह के अवसर पर असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए जहां पर कुंवर शक्तावत ने नव परिणय सूत्र में बंद रही कन्याओं को दान स्वरूप ट्रॉली बैग भेंट किए एवं आयोजन समिति को इस प्रकार के भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन हेतु अपनी तरफ से 11000 हजार रूपए दान देकर धर्म लाभ लिया। कुंवर शक्तावत ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए इस प्रकार के सामूहिक विवाह एवं खाटू श्याम भजन संध्या की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन करने वाले समस्त कार्यकताओं एवं पदाधिकारी को धन्यवाद देना चाहिए और सभी लोगों को इस प्रकार के कार्यकताओं का हौसला अफजाई करना चाहिए और यदि इस प्रकार सामूहिक विवाह में हजारों लोगों की उपस्थिति में यदि वर वधु अपने दांपत्य जीवन में प्रवेश करते हैं और अपने दांपत्य जीवन का प्रारंभ करते हैं तो निश्चित ही वह अपने दांपत्य जीवन को सुख मय एवं उन्नति के साथ जीते हैं और सभी लोगों को इस प्रकार के सामूहिक विवाह से प्रेरणा लेकर फिजूल खर्ची को बंद करते हुए अपने पुत्र एवं पुत्रीयो का विवाह ऐसे सामूहिक विवाह सम्मेलन में करना चाहिए। इस अवसर पर समस्त खाटू श्याम मित्र मंडल के पदाधिकारीयों एवं कार्यकताओं के साथ ही साथ कांग्रेस नेता नरेंद ढाका,बाबू खां मेवाती,दिलीप कुमार जैन,सुरेश जी कापड़िया,गौशाला प्रबंधक कन्हैयालाल सेन,रौनक पाटीदार,श्रीमती अनिता कोठारी,सौरभ कोठारी आदि अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## जांगड़ा पोरवाल समाज ने राजा टोडरमल जयंती पर किया प्रतिभाओं का सम्मान

**मन्दसौर।** श्री जांगड़ा पोरवाल समाज मंदसौर द्वारा अपने आराध्य राजा टोडरमल की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज जन ने विशेष आरती का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जगदीशचंद्र सेठिया, लक्ष्मीनारायण कोठारी, रामगोपाल सेठिया, ओमप्रकाश रत्नावत, मुकेश काला, प्रवीण गुप्ता, रमेशचंद्र सेठिया और रामगोपाल महाजन उपस्थित थे, जिन्होंने राजा टोडरमल की तस्वीर पर पूजन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सचिव जगदीश काला ने राजा टोडरमल के प्रेरक जीवन पर प्रकाश डाला, वहीं अध्यक्ष रमेशचंद्र सेठिया ने सामाजिक आयोजनों को आपसी मेल-जोल बढ़ाने का सशक्त माध्यम बताया। इस दौरान समाज की होनहार बेटी सुश्री झील गुप्ता को गुजरात राज्य की सिविल जज परीक्षा में 11वीं रैंक प्राप्त करने पर अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया, जिसका वाचन अध्यक्ष कुसुम सेठिया ने किया। महिला मंडल द्वारा होली गोठ की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप सेठिया ने किया और अंत में निधि गुप्ता व सुनीता सेठिया द्वारा प्रस्तुत आरती के पश्चात प्रसादी वितरण किया गया।

## चैत्र प्रतिपदा नववर्ष भव्य रूप में मनाया

ब्रह्मास्त्र ›› पिपलिया मंडी



समीप गांव निनोरा में चैत्र प्रतिपदा नववर्ष भव्य रूप में मनाया गया। आर्यसमाज की 151वां स्थापना दिवस कार्यक्रम में वृद्धजन सम्मान, सेवानिवृत्त सैनिकों, शिक्षकों का सम्मान के साथ गाँव की शासकीय सेवा में कार्यरत समस्त महिला कर्मचारियों का शिल्ड, सत्यार्थ प्रकाश पुस्तक प्रदान कर सत्कार किया गया शिक्षाविद वयोवृद्ध श्री शिवनारायण पाटीदार और गांव से वरिष्ठ पत्रकार श्री बाबूलाल नागर का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में प्रतिवर्षानुसार क्षेत्रीय आर्य समाजों के प्रतिनिधियों ने आर्य समाज की गतिविधियों, कार्यक्रमों, और अगले वर्ष की योजनाओं की जानकारी दी ओर स्वामी दयानंद के कार्यों को पूरी निष्ठा से करने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम के केंद्रबिंदु 125 वर्ष से अधिक अवस्था के संन्यासी स्वामी सवार्नंद जी रहे। उन्होंने सबको आशीर्वाद प्रदान करते हुए नारी शक्ति को शिक्षित बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ राजेश पाटीदार ने बताया कि आर्य समाज का कार्य केवल देश को राजनीतिक आजादी दिलाने तक नहीं था इसकी प्रासंगिकता आज भी बढ़ गई है। अंधविश्वास, पाखंड को आर्य समाज ही दूर सकता है।उन्होंने आर्य समाजों की संपत्तियों पर अन्य संगठनों द्वारा किए जा रहे कब्जों को लेकर आगाह किया। बूंदी से एडवोकेट श्री अभयदेव जी शर्मा भी शिथिल होती आर्य समाजों को सक्रिय होने ओर युवाओ को जोड़ने का अहवान किया। उन्होंने कुछ आर्य समाज द्वारा केवल औपचारिकताएं पूरी करने, व संपत्ति पर पद अधिकार जमाने की प्रवृति पर रोष प्रकट किया। युवा विद्वान प्रणव शास्त्री मुंबई ने आर्यसमाज के युवाओं से आग्रह किया कि वो नई तकनीक के द्वारा आर्य समाज की गतिविधियों को प्रसारित करे। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथावाचक श्री मिथलेश जी नागर ने स्वामी दयानंद के कार्यों को प्रशंसा की गई।उन्होंने स्वामी सवार्नंद जी को उनका रूप बताया।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सोमदेव शास्त्री मुंबई ने की। मंच पर विशेष अतिथि के रूप में गाँव के ठाकुर साहब भारत सिंह शक्तावत, पटेल बाबूलाल पाटीदार, सरपंच पूजा कुंवर शक्तावत पूर्व सरपंच शान्तिबाई पाटीदार उपस्थित रहे।

## भगवान झूलेलाल की जयंती मनाई

**पिपलिया मंडी।** स्थानीय पूज्यसिंधी पंचायत के तत्वाधान में आयोजित भगवान झूलेलाल की जयंती हर्षोल्लाह से मनाई गई। भगवान झूलेलाल मंदिर समिति के अध्यक्ष जयराम हरजानी ने एक जानकारी देते हुए बताया कि भगवान झूलेलाल की जयंती के उपलक्ष में पिछले दोनों प्रातः काल प्रभात फेरी निकाली गई।एक दिन पूर्व समाज की महिलाओं द्वारा भगवान झूलेलाल जी को छप्पन भोग अर्पित किया गया।जिसमें सभी सामाजिक बांधुओ, महिलाओं, बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। आज जयंती के उपलक्ष में समाज के



अध्यक्ष रूपचंद होतवानी के मार्गदर्शन में रात 9 बजे पंडित विजय शर्मा के आचार्यत्व में मंदिर में हवन किया गया। इसी अवसर पर मंदिर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। भगवान झूलेलाल की आरती के पश्चात नगर में युवाओं द्वारा विशाल वाहनरैली निकाली गई। सायं गोधूलि बेला में भगवान झूलेलाल का विशालकाय जुलूस निकाला गया। तत्पश्चात सायं काल भगवान झूलेलाल जी आरती पश्यात सभी सामाजिक बंधुओं ने एक दूसरे को नववर्ष चेटीचंड की शुभकामनाओं के साथ सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## अ.भा. साहित्य परिषद ने किया नूतन वर्ष अभिनंदन काव्य गोष्ठी का आयोजन



मंदसौर। अखिल भारतीय साहित्य परिषद मंदसौर इकाई द्वारा हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में दशपुर रंगमंच पर एक भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभय मेहता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता अजय डांगी, राजेन्द्र तिवारी, नंदकिशोर राठौर सहित वरिष्ठ साहित्यकारों ने की। इस अवसर पर नंदकिशोर राठौर ने कहा कि चौत्र शुक्ल प्रतिपदा पर प्रकृति अपना श्रृंगार करती है और कवियों के मनोभाव कविता का रूप लेते हैं। गोष्ठी में उर्मिला तोमर, नरेन्द्र भावसार, मनी शामगढ़ वाला, चंदा डांगी और विजय अग्निहोत्री सहित कई कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। कविताओं के माध्यम से जहाँ नववर्ष का स्वागत किया गया, वहीं वर्तमान विश्व युद्ध की विभीषिका और सामाजिक विसंगतियों पर भी व्यंग्य कसे गए। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ और संचालन नंदकिशोर राठौर ने किया।

## सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव चेटीचंड हर्षोल्लास से मनाया

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर



पूज्य सिंधी जनरल पंचायत, वरुण देव मंदिर समिति एवं श्री प्रेमप्रकाश आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान श्री झूलेलाल का 1076वां पावन जन्मोत्सव चेटीचंड पर्व अत्यंत श्रद्धा, हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। शुक्रवार, 20 मार्च को आयोजित इस महापर्व के दौरान पूरा नगर आयोलाल झूलेलाल और च्सतनाम साक्षीज के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

कार्यक्रमों की भव्य श्रृंखला की शुरूआत पिछले पांच दिनों से जारी प्रभात फेरियों के समापन के साथ हुई, जो प्रतिदिन हेमू कालाणी चौराहे से निकलकर विभिन्न क्षेत्रों में अलख जगा रही थीं। समापन दिवस पर यह प्रभात फेरी वरुणदेव मंदिर पहुंची, जिसमें मातृशक्ति, युवाओं और वरिष्ठ जनों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

महोत्सव के मुख्य दिन शुक्रवार को प्रातः काल युवा संगठन अध्यक्ष नितेश सतीदासानी (चिपू) के नेतृत्व में एक विशाल वाहन रैली निकाली गई। केसरिया और श्वेत ध्वजों के साथ निकली इस रैली का नगर के प्रमुख मार्गों पर पुष्प वर्षा और स्वल्पाहार से आत्मीय स्वागत हुआ, जो आपसी भाईचारे की मिसाल बना। उत्सव के दौरान श्री प्रेमप्रकाश आश्रम में विशेष धार्मिक सभा आयोजित की गई, जहाँ पुरुषोत्तम शिवानी ने भगवान झूलेलाल के अवतरण की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस तरह दसवीं शताब्दी में सिंध के अत्याचारी शासक मिरख के दमन से रक्षा करने हेतु जल देवता वरुण देव ने च्उडेरोलालज के रूप में अवतार लिया था।

सायंकाल वरुणदेव मंदिर से महोत्सव का मुख्य आकर्षण भव्य चल समारोह निकाला गया। इस जुलूस में भगवान झूलेलाल की मनमोहक झांकियां, पंजाब के विशेष नगाड़े, अहमदाबाद की सुप्रसिद्ध शहनाइयां और आधुनिक बैंड-बाजों की धुन पर समाजजन थिरकते नजर आए। चल समारोह में बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे थे, वहीं महिलाएं एक समान ड्रेस कोड में शामिल होकर एकजुटता का संदेश दे रही थीं। मार्ग में अन्य समाज के प्रतिनिधियों ने भी चल समारोह का जोरदार स्वागत किया। धार्मिक कार्यक्रमों की कड़ी में इष्टदेव की 51 दीपों से महाआरती की गई और नन्हे बच्चों ने केक काटकर जन्मोत्सव की खुशियां मनाईं।

आयोजन को सफल बनाने में पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष वासुदेव सेवानी, महासचिव राजेश चाहूंजा, संयोजक नंदू आडवानी और वरुण देव मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद ककनानी सहित समाज के विभिन्न पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा। श्री प्रेमप्रकाश सेवा मंडली की बहनों ने पुष्पा पमनानी के सानिध्य में पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया और अंत में विश्व शांति हेतु 'पल्लव' (विशेष अरदास) की गई।

## ठा. अर्जुन सिंह राठौड़ की जयंती पर आज होगा जल मंदिर का शुभारंभ

मंदसौर। श्री खाटूश्याम मंदिर के संस्थापक वैकुंठवासी ठाकुर अर्जुनसिंह राठौड़ की 84वीं जन्म जयंती 21 मार्च को सेवा और भक्ति के संगम के रूप में मनाई जाएगी। इस पावन अवसर पर जनसेवा के विभिन्न प्रकल्प शुरू किए जाएंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सेवानिवृत्त डीएसपी ठाकुर अनिल सिंह राठौड़ व शैलेन्द्रसिंह राठौड़ ने बताया कि आज शनिवार प्रातः 11.30 बजे किला रोड स्थित काश्तकार होटल के सामने विधायक विपिन जैन के मुख्य आतिथ्य में शीतल जल सेवा (प्याऊ) का शुभारंभ होगा। भीषण गर्मी को देखते हुए जीव-जंतुओं के लिए पानी के कुंड व पक्षियों के लिए सकोरे भी वितरित किए जाएंगे। रात्रि 8 बजे श्याम मंदिर परिसर में राष्ट्रीय संत डॉ. पं. मिथलेश नागर के मुखारविंद से दिव्य संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन होगा।

## स्वर्णकार समाज महिला मंडल का गठन, कुसुम डाबर बनीं अध्यक्ष

**मंदसौर।** मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज शहर पंचायत मंदसौर के महिला मंडल के चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ संपन्न हुए, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। चुनाव में कुसुम कृष्णकुमार डाबर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है।

# रश्मिका मंदाना को बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड

## शादी के बाद पहली बार स्टेज पर दिखीं एक्ट्रेस, बोलीं- पहले काम का मजाक उड़ाया, अब सम्मान मिला



साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने 'तेलंगाना गदर फिल्म अवॉर्ड्स 2025' में बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड अपने नाम किया है। 26 फरवरी को विजय देवरकोंडा के साथ शादी के बंधन में बंधने के बाद यह रश्मिका का पहला बड़ा पब्लिक अपीयरेंस था। इस मौके पर वे अपनी सास माधवी देवरकोंडा के साथ नजर आईं। अवॉर्ड समारोह का आयोजन 19 मार्च को ह्यउगादिह्ल के मौके पर किया गया, जिसमें तेलुगु सिनेमा के कई बड़े सेलेब्स ने शिरकत की।

**फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' के लिए मिला सम्मान–** रश्मिका मंदाना को उनकी फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' में 'भूमा देवी' के किरदार के लिए बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया। एक्टर राम चरण ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में रश्मिका को यह ट्रॉफी सौंपी। शादी के बाद यह रश्मिका का पहला बड़ा अवॉर्ड है।



**साड़ी और सिंदूर के साथ मंच पर दिखीं रश्मिका–** स्टेज पर अवॉर्ड लेते समय रश्मिका काफी भावुक नजर आईं। उन्होंने अपनी स्पीच में संघर्ष के दिनों को याद करते हुए कहा, शुरूआत में लोगों ने मेरी परफॉर्मेंस को काफी ट्रोल किया था, लेकिन आज उसी काम के लिए राज्य ने मुझे यह अवॉर्ड दिया है। मैंने यहां तक पहुंचने के लिए एक लंबा सफर तय किया है।

रेड कार्पेट पर रश्मिका अपनी सास माधवी देवरकोंडा के साथ पहुंची थीं। लुक की बात करें तो रश्मिका आइवरी कलर की सिल्क साड़ी पहनी थी। उन्होंने मांग में सिंदूर, गले में गोल्ड मंगलसूत्र और बालों में गजरा लगाकर अपना ट्रेडिशनल लुक पूरा किया था।

**नागा चैतन्य बेस्ट एक्टर, कमल हासन भी हुए सम्मानित–** समारोह में फिल्म 'थंडेल' के लिए नागा चैतन्य को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। वहीं, फिल्म जगत में योगदान के लिए दिग्गज अभिनेता कमल हासन को 'पैडी जयराज फिल्म अवॉर्ड' से नवाजा गया। 'राजू वेड्स रंबाई' के लिए सैलू कंपति को बेस्ट डायरेक्टर चुना गया।



# रणवीर का 'शेर-ए-बलूच' सॉन्ग पर डांस वायरल

### धुरंधर 2 की सक्सेस पार्टी में रहमान डकैत के हुक स्टेप्स किए; सोम्या टंडन की रणवीर को थप्पड़ मारने की एक्टिंग

रणवीर सिंह और संजय दत्त स्टारर 'धुरंधर 2' ने रिलीज के पहले दिन ही 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। इस कामयाबी के बाद डायरेक्टर आदित्य धर ने मुंबई में एक शानदार आफ्टर-पार्टी दी है। इसमें यामी गौतम, अर्जुन रामपाल और रणवीर सिंह सहित पूरी स्टारकास्ट शामिल हुई।

सोशल मीडिया पर पार्टी के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें रणवीर सिंह रहमान डकैत के एंट्री सॉन्ग पर डांस करते नजर आ रहे हैं। वहीं फिल्म में 'उल्फत' का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस सौम्या टंडन भी पार्टी में नजर आईं। वह रणवीर को मजाक में थप्पड़ मारने की एक्टिंग करती दिखीं। सक्सेस पार्टी के एक वीडियो में रणवीर सिंह वायरल गाने 'FA9LA' (शेर-ए-बलूच) पर थिरकते नजर आए। यह गाना मूल रूप से रैपर फ्लिपरैची का है, जो अक्षय खन्ना के हुक स्टेप्स की वजह से इंटरनेट पर वायरल हो गया था। रणवीर ने उसी नोस्टाल्जिया को ताजा करते हुए गाने के हुक स्टेप्स को रिक्रिएट किया। इसके अलावा, उन्होंने 'नैना लड़ावा' और जैस्मीन सैंडलास के गाने 'शरारत' पर सारा अर्जुन, क्रिस्टल डिसूजा और आयशा खान के साथ भी परफॉर्म किया।



# यूट्यूबर अनुराग डोभाल अस्पताल से डिस्चार्ज

### कमर पर टांके, एक्सीडेंट के बाद शेयर की पहली फोटो, फैंस से पूछा- क्या दोबारा व्लॉगिंग शुरू करूं?

यूट्यूबर और 'बिग बॉस 17' फेम अनुराग डोभाल को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। इंस्टाग्राम लाइव के दौरान हुए कार एक्सीडेंट के बाद अनुराग अब अपने एक दोस्त के फार्महाउस पर रिकवर कर रहे हैं। उन्होंने अपनी चोटों की पहली तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की। इसके साथ ही उन्होंने फैंस से राय मांगी कि क्या उन्हें अपनी 'नई जिंदगी' के व्लॉग्स फिर से शुरू करने चाहिए।

**कमर पर टांके और चोट के निशान–** अनुराग ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फोटो पोस्ट की है, जिसमें उनकी कमर पर लगा एक लंबा जख्म और टांके दिखाई दे रहे हैं। एक्सीडेंट की वजह से उनके शरीर पर खरोंचों के निशान भी साफ नजर आ रहे हैं। उन्होंने एक पोल के जरिए फैंस से पूछा, नई जिंदगी की शुरुआत देखोगे? इस पोल में उन्होंने दो विकल्प दिए- 'हां, व्लॉग और इंस्टा शुरू करो' और 'जैसा आपको सही लगे'।

**मैनेजर बोले- अनुराग अब सुरक्षित–** अनुराग के मैनेजर रोहित पांडे ने बताया कि यूट्यूबर फिलहाल पूरी तरह सुरक्षित हैं। वे एक दोस्त के फार्महाउस पर हैं जहां उनकी देखभाल के लिए सभी जरूरी सुविधाएं मौजूद हैं। मैनेजर ने कहा, अनुराग अब स्थिर हैं और रिकवर करने की कोशिश कर रहे हैं। हम उन सभी के आभारी हैं जिन्होंने मुश्किल वक्त में साथ दिया।

**आईसीयू से बाहर आने पर कहा-यह एक चमत्कार–** अस्पताल से डिस्चार्ज होने से पहले अनुराग ने एक इमोशनल पोस्ट लिखी थी। उन्होंने कहा था, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं जिंदा बचूंगा। जिस रास्ते पर मैं गया था, वहां से लौटना नामुमकिन था। मेरे लिए यह किसी चमत्कार से कम नहीं है। मुझे नहीं पता कि आगे क्या होगा, लेकिन भगवान ने मुझे नया जन्म दिया है तो कुछ न कुछ जरूर सोचा होगा।

# मूसेवाला का होलोग्राम टूर रिलीज, 2 करोड़ व्यूज

## पहली बार पाकिस्तान में दिखेंगे पंजाबी सिंगर, मौत से पहले किया था आने का वादा

पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला का अवेटड शो साइन टू गॉड वर्ल्ड टूर का टीजर रिलीज हो गया है। सिद्धू मूसेवाला के ऑफिशियल इंस्टा अकाउंट पर इसका वीडियो शेयर किया गया है। टीजर की शुरूआत सिद्धू मूसेवाला के होलोग्राम से होती है। सिद्धू को आंखें खोलते हुए और फिर स्टेडियम को भीड़ को दिखाया गया है।

मौत के बाद किसी पहले कलाकार का ये पहला होलोग्राम शो होने का दावा गया है। सिद्धू मूसेवाला का ये शो 8 देशों में रिलीज होगा। पहली बार पाकिस्तान में भी शो होगा। सिद्धू मूसेवाला के पाकिस्तान में लाखों फैंस हैं। सिद्धू ने एक कार्यक्रम में पाकिस्तान में शो करने का वादा किया था जिसे अब सिद्धू के पिता बलकौर सिंह पूरा करने जा रहे हैं।

मूसेवाला का ये शो उनके बर्थडे पर यानि 11 जून को पूरा रिलीज होने की उम्मीद है। पिता बेटे के हर बर्थडे पर फैंस को कुछ न कुछ तोहफा देते हैं। पिता ने कहा था कि आने वाले 30 साल तक वह सिद्धू के फैंस के लिए कुछ न कुछ गिफ्ट देते रहेंगे। मूसेवाला ने बहुत से गीत लिखें, जिनमें से हर साल एक गीत रिलीज होता रहेगा। होलोग्राम के टीजर में



छोटे सिद्धू का भी फोटो लगाया गया है। लास्ट में लिखा- हैप्पी बर्थडे शुभदीप। सिद्धू मूसेवाला के पिता ने जनवरी में इस शो का पहला पोस्टर रिलीज किया था और बताया था कि शो को इटली की टीम तैयार कर रही है। इसकी रिलीजिंग डेट नहीं बताई थी। नए शो को लेकर अभी पिता बलकौर सिंह का कोई बयान सामने नहीं आया है।

**ओरिजनल शो की तरह तैयार किया गया है होलोग्राम टूर-** तेज रोशनी, जोशीली भीड़ और गूंजते सुपरहिट गानों के बीच जब सिद्धू मूसेवाला का होलोग्राम मंच पर उतरेगा, तो दर्शकों को पलभर लगेगा जैसे वो खुद सामने खड़े हैं। साइन टू वार 2026 वर्ल्ड टूर के तहत सिंगर की ये डिजिटल वापसी थ्री-डी प्रोजेक्शन तकनीक के जरिए होगी। इस तकनीक से उनकी असली आवाज, उनके गाने और स्वैग के साथ उनका 3डी अवतार मंच पर दिखेगा। ऐसा पहले माइकल जैक्सन, टुपैक और व्हिटनी ह्यूस्टन जैसे कलाकारों के साथ हो चुका है। मूसेवाला इस लिस्ट में पहले पंजाबी कलाकार होंगे।

### 24 घंटे में 2 करोड़ से ज्यादा लोग देख चुके

मूसेवाला के होलोग्राम टूर साइन टू गॉड के टीजर को 24 घंटे में 2 करोड़ से ज्यादा लोग देख चुके हैं। इस पर ढाई करोड़ के करीब लाइक मिल चुके हैं। होलोग्राम टूर के टीजर की शुरूआत एम्पायर फाल्स मुहाबरे से होती है। इसका मतलब है कि दुनिया में शक्तिशाली साम्राज्य खत्म हो जाते हैं। लेकिन एक कालाकार का साम्राज्य कभी खत्म नहीं होता। इसमें सिद्धू मूसेवाला का गीत सिद्धू हुण बड्डे तामझाम करे सोणिए, गोली चली बांग साउंड करे सोणिए बजता सुनाई देता है।

### पाकिस्तान में जाने का अधूरा वादा होलोग्राम टूर से होगा पूरा

- मूसेवाला के होलोग्राम टूर को पाकिस्तान सहित भारत, न्यूजीलैंड, कनाडा, यूएसए, यूएई, यूके और ऑस्ट्रेलिया में प्रदर्शित किया जाएगा। इस शो को फिल्म की तरह थिएटर में दिखाया जाएगा। इसके लिए टिकट रखी जाएगी। वीआईपी टिकट की कीमत डेढ़ लाख होने की उम्मीद है।
- हालांकि इसे लेकर टीम की तरफ से कोई बयान नहीं दिया गया है। पिता पाकिस्तानी फैंस से किया सिद्धू का वादा भी पूरा करेंगे। हत्या से पहले मूसेवाला ने पाकिस्तानी फैंस को पाकिस्तान में शो करने का वादा किया था। लेकिन इससे पहले ही उनकी मानसा के पास गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी।

### भारत में भी पहले प्रयोग हो चुकी तकनीक

पुणे के डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर म्यूजियम में होलोग्राम के जरिए बाबा साहेब अंबेडकर खुद अपनी कहानी सुनाते हैं। गुजरात के स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में सरदार पटेल की विरासत को होलोग्राफिक स्टोरी टैलिंग के जरिए दिखाया जाता है। दिल्ली के प्रधानमंत्री संग्रहालय में पूर्व प्रधानमंत्रियों के होलोग्राम खुद अपनी यात्रा सुनाते हैं। साल 2014 में नरेंद्र मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान होलोग्राम का इस्तेमाल कर एक साथ दर्जनों शहरों में वर्चुअल रूप से हाजिरी लगाई थी।

### रोनाल्डो के क्लब में शामिल, 1142 मैच में हासिल की उपलब्धि, इंटर मियामी कॉन्काकैफ कप से बाहर

# मेसी ने 900 गोल का आंकड़ा छुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर और इंटर मियामी के कप्तान लियोनेल मेसी आधिकारिक मैचों में 900 गोल करने वाले दुनिया के दूसरे पुरुष फुटबॉलर बन गए हैं। उन्होंने यह मुकाम नैशविले एससी के खिलाफ कॉन्काकैफ चैंपियंस कप के दूसरे लेग में हासिल किया।

हालांकि, मेसी के इस गोल के बावजूद इंटर मियामी का सफर टूर्नामेंट में आगे नहीं बढ़ सका। मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा, जिसमें नैशविले के लिए क्रिस्टियन एस्पिनोजा ने गोल किया।

पहला लेग नैशविले के घरेलू मैदान पर खेला गया था, जो 0-0 से ड्रॉ रहा। इसके बाद दूसरा लेग इंटर मियामी के होम ग्राउंड पर खेला गया, जहां दोनों टीमों ने एक-एक गोल किया और मैच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ।

दोनों लेग के बाद कुल स्कोर बराबर रहने पर अवे गोल नियम लागू किया गया। इस नियम के तहत जो टीम विपक्षी मैदान पर अधिक गोल करती है, उसे बढ़त मिलती है। इसी आधार पर नैशविले एससी अगले दौर में पहुंच गया, जबकि इंटर मियामी टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

कोच बोले- जिम्मेदारी मेरी मैच के बाद इंटर मियामी के कोच जेवियर मस्केरानो ने हार की जिम्मेदारी खुद ली। उन्होंने कहा, 'यह निराशाजनक रात है। हमने बढ़त बनाई थी और पहले हाफ में कई मौके भी बनाए, लेकिन हम उन्हें गोल में नहीं बदल सके।'

उन्होंने कहा कि टीम ने पूरी कोशिश की, लेकिन अंत में नतीजा उनके पक्ष में नहीं गया। वहीं, नशविल के कोच बीजे कैलाघन ने मेसी की तारीफ करते हुए कहा, 900 गोल, उन्हें बधाई। वह सबसे बेहतरीन हैं।

**रोनाल्डो के नाम 965 गोल-** मेसी अब क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ 900 गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं। रोनाल्डो ने यह उपलब्धि सितंबर 2024 में हासिल की थी और उनके नाम फिलहाल 965 गोल हैं। मेसी ने 1142 मैच में 900 गोल पूरे किए, जबकि रोनाल्डो ने 1236 मैच खेले थे।

ब्राजील के दिग्गज पेले 765 गोल के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि मौजूदा खिलाड़ियों में रॉबर्ट लेवांडोव्स्की 690 गोल के साथ पीछे हैं।

बार्सिलोना के लिए किए सबसे ज्यादा गोल, 2012 रहा करियर का बेस्ट साल मेसी ने 16 अक्टूबर 2004 को बार्सिलोना के लिए अपना प्रोफेशनल डेब्यू किया था और क्लब के लिए 672 गोल किए। इसके बाद उन्होंने पेरिस सेंट जर्मेन के लिए 32 और इंटर मियामी के लिए 81 गोल किए हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने अर्जेंटीना के लिए 115 गोल किए हैं। मेसी के करियर का सबसे शानदार साल 2012 रहा था। उस एक कैलेंडर ईयर में उन्होंने क्लब और देश के लिए कुल 91 गोल दागे थे, जो आज भी एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। हाल के प्रदर्शन की बात करें तो मेसी ने 2025 एमएलएस सीजन में 29 गोल कर गोल्डन बूट जीता और लगातार दूसरी बार एमवीपी अवॉर्ड भी हासिल किया।

## वर्ल्ड कप से पहले क्रिस्टियानो रोनाल्डो चोटिल


### मेक्सिको-अमेरिका के खिलाफ फ्रेंडली मैच से बाहर, कोच बोले-चोट मामूली, 1-2 हफ्ते में वापसी, डब्ल्यूसी में खेलना तय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मेक्सिको

पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को मैक्सिको और अमेरिका के खिलाफ होने वाले वर्ल्ड कप प्री-फ्रेंडली मैचों के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है। 41 साल के रोनाल्डो फरवरी के अंत से ही अपने क्लब अल-नसर के लिए भी मैदान पर नहीं उतरे हैं। हालांकि, पुर्तगाल के हेड कोच रॉबर्टो मार्टिनेज ने साफ किया है कि उनकी चोट गंभीर नहीं है और वर्ल्ड कप टीम में उनकी जगह पक्की है। फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में होगा। हैमस्ट्रिंग इंजरी की वजह से बाहर हुए रोनाल्डो कोच रॉबर्टो मार्टिनेज ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि रोनाल्डो हैमस्ट्रिंग की समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा,'यह एक मामूली चोट है। रोनाल्डो अगले एक या दो हफ्तों में मैदान पर वापसी कर सकते हैं। इस सीजन में क्रिस्टियानो ने अपनी फिटनेस पर जो काम किया है, वह शानदार है। उनकी शारीरिक क्षमता को देखते हुए फिलहाल कोई बड़ी समस्या नजर नहीं आती।'



## थॉमस और उबर कप में भारत को कठिन ड्रॉ मिला



### मेंस और विमेंस टीमें पहला मैच चीन से खेलेंगी, 24 अप्रैल से 3 मई तक टूर्नामेंट होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

थॉमस और उबर कप 2026 में भारत को कठिन ड्रॉ मिला है। बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन ने टूर्नामेंट के लिए ड्रॉ जारी किया। इसके अनुसार भारत को पहले ही मैच में डिफेंडिंग चैंपियन चीन की कठिन चुनौती का सामना करना है।

भारतीय पुरुष टीम को ग्रुप अ में चीन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ रखा गया है। वहीं, भारतीय महिला टीम भी ग्रुप अ में चीन के साथ है, जहां मेजबान डेनमार्क और यूक्रेन भी शामिल हैं। थॉमस कप का 34वां और उबर कप का 31वां संस्करण 24 अप्रैल से 3 मई तक डेनमार्क के हॉर्सेंस में खेला जाएगा। थॉमस कप मेंस और उबर कप विमेंस टीमों के बीच अयोजित होता है। चीन की टीम मजबूत, भारत को लक्ष्य से उम्मीदें चीन की पुरुष टीम इस बार भी मजबूत मानी जा रही है, जिसमें वर्ल्ड नंबर-2 शी यू क्वी और नंबर-7 ली शी फेंग जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। हालांकि, भारत को लक्ष्य सेन के हालिया शानदार प्रदर्शन से उम्मीदें होंगी। टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें चार-चार टीमों के चार ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। पिछले एडीशन में क्वार्टर फाइनल हार गई थीं भारतीय टीमें भारत की दोनों टीमें पिछले एडीशन में क्वार्टर फाइनल राउंड से बाहर हो गई थीं। मेंस टीम को टॉप-8 मैच में चीन से हार गया था। वहीं, महिला टीम को क्वार्टर फाइनल में जापान ने हराकर बाहर का रास्ता दिखाया था।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









इराक बना सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता

## भारत में फिर बढ़ेगा रूसी तेल का आयात



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सऊदी अरब के अधिकारियों का अनुमान है कि अगर ईरान युद्ध और उससे पैदा हुई ऊर्जा संकट की स्थिति अप्रैल के अंत तक जारी रहती है, तो कच्चे तेल की कीमत 180 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जा सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, युद्ध की वजह से तेल की सप्लाई प्रभावित हो रही है। खासतौर पर पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से वैश्विक बाजार में अनिश्चितता बढ़ गई है।

भारत के तेल आयात में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। फरवरी महीने में रूस को पीछे छोड़ते हुए इराक भारत का सबसे बड़ा तेल सप्लायर बन गया। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि मार्च में रूस फिर से पहले स्थान पर आ सकता है। फरवरी में रूस से तेल आयात में 32 फीसद की गिरावट आई। आयात घटकर करीब 10 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया।

वहीं इराक से आयात बढ़कर 11.8 लाख बैरल प्रति दिन पहुंच गया। सऊदी अरब से भी आयात बढ़कर करीब 9.98 लाख बैरल प्रति दिन हो गया। इस दौरान भारत के कुल तेल आयात में मध्य पूर्व की हिस्सेदारी बढ़कर 59 फीसद हो गई। फरवरी में ब्राजील भारत का चौथा सबसे बड़ा तेल सप्लायर बनकर उभरा। वैश्विक तनाव और सप्लाई में बदलाव के बीच भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए अलग-अलग देशों से तेल खरीदने की रणनीति अपना रहा है। इसमें रूस की भूमिका फिर से मजबूत होती दिख रही है। पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज जलसंधि में बाधा के कारण सप्लाई प्रभावित हुई है। इसके बाद भारत फिर से रूस से ज्यादा तेल खरीदने लगा है। मार्च में रूस से तेल आयात बढ़कर 18 से 22 लाख बैरल प्रति दिन तक पहुंच सकता है। इसके पीछे अमेरिकी फैसले की भी अहम भूमिका है।

पश्चिम एशिया तनाव से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

# फेड ने ब्याज दरें 3.5%-3.75% पर रखीं बरकरार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल देखा गया। ब्रेंट क्रूड 4% से अधिक बढ़कर 112.17 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जिससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंता गहरा गई है।

तेल की कीमतों में यह तेजी इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ते टकराव के बाद आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस्राइल ने ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड को निशाना बनाया, जिसके जवाब में ईरान ने कतर के रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी पर हमला किया। रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी दुनिया के सबसे बड़े एलएनजी (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) उत्पादन केंद्रों में से एक है। कतर के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस पर ईरान की ओर से बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया गया, जिससे भारी नुकसान हुआ। पिछले 12 घंटों में इस अहम ऊर्जा केंद्र पर यह दूसरा हमला है।

**फेड ने दूसरी बार ब्याज दरों में नहीं किया बदलाव –** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने बुधवार को अपनी प्रमुख ब्याज दर को 3.5% से 3.75% के दायरे में यथावत रखने का फैसला किया। फेड ने कहा कि आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं, हालांकि महंगाई अभी भी ऊंचे स्तर पर बनी हुई है और वैश्विक परिस्थितियों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। फेड की ओर से जारी बयान में कहा गया कि रोजगार वृद्धि सीमित रही है, जबकि बेरोजगारी दर में हाल के महीनों में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। केंद्रीय बैंक ने अपने दोहरे लक्ष्य अधिकतम रोजगार और दीर्घकाल में 2% महंगाई को दोहराते हुए कहा कि इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए वह प्रतिबद्ध है।

**टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को ब्रिटेन का नाइटहुड सम्मान –** टाटा समूह के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन को यूनाइटेड किंगडम और भारत के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में उनके अहम योगदान के लिए नाइट कमांडर ऑफ द मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान 18 मार्च को ब्रिटिश उच्चायोग में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। यह सम्मान ब्रिटेन के सम्राट किंग चार्ल्स तीन की ओर से दिया गया, जिसमें टाटा समूह की यूके में दीर्घकालिक निवेश और मजबूत उपस्थिति को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। भारत में ब्रिटेन की उच्चायुक्त लिंडी कैमरून ने कहा कि चंद्रशेखरन भारत के कॉरपोरेट जगत की एक प्रतिष्ठित शख्सियत और यूके के सच्चे मित्र हैं। उन्होंने कहा कि यह मानद नाइटहुड वैश्विक व्यापार में उनके प्रभाव और भारत-ब्रिटेन के बीच आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में उनकी भूमिका का प्रमाण है। उच्चायुक्त ने यह भी बताया कि चंद्रशेखरन के नेतृत्व में टाटा समूह ने यूके में अपनी मजबूत पकड़ बनाई है। आज टाटा समूह वहां 19 सहायक कंपनियों के साथ प्रमुख भारतीय नियोक्ताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखरन की दूरदर्शिता, नेतृत्व क्षमता और उद्यमशील सोच ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों को और मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है।





### नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 7.19% बढ़कर 22.80 लाख करोड़

- चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 17 मार्च तक देश का नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 7.19 प्रतिशत बढ़कर 22.80 लाख करोड़ पहुंच गया है। यह जानकारी आयकर विभाग द्वारा जारी ताजा अस्थायी आंकड़ों में सामने आई है। जारी आंकड़ों के मुताबिक, कुल संग्रह में कॉरपोरेट टैक्स का योगदान 10.91 लाख करोड़ रहा, जबकि नॉन-कॉरपोरेट टैक्स 11.32 लाख करोड़ रहा। वहीं, सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स 55,717 करोड़ दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष के 53,095 करोड़ से अधिक है। हालांकि, अन्य करों से मिलने वाला राजस्व घटकर करीब 365 करोड़ रह गया, जो एक साल पहले लगभग 3,400 करोड़ था।
- एडवांस टैक्स कलेक्शन में भी 6.42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो बढ़कर 11.13 लाख करोड़ हो गया। इसी अवधि में सरकार ने 4.35 लाख करोड़ के रिफंड जारी किए। रिफंड समायोजन से पहले, सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 17 मार्च तक 27.15 लाख करोड़ रहा, जो सालाना आधार पर 4.86 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है।
- इससे पहले, 1 अप्रैल से 11 जनवरी के बीच नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 18.37 लाख करोड़ रहा था, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 8.82 प्रतिशत अधिक था। इस दौरान कॉरपोरेट टैक्स संग्रह 8.63 लाख करोड़ रहा, जिसमें 12.41 प्रतिशत की मजबूत बढ़ोतरी दर्ज की गई।

जोमैटो ने बढ़ाई प्लेटफॉर्म फीस

## हर ऑर्डर पर अब देना होगा 19.2 फीसदी ज्यादा चार्ज




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

जोमैटो ने अपनी प्लेटफॉर्म फीस बढ़ाकर 12.50 से 14.90 प्रति ऑर्डर कर दी है। यह करीब 19.2% की बढ़ोतरी है, जिससे ग्राहकों के लिए हर ऑर्डर की कुल लागत और बढ़ जाएगी। आइए विस्तार से जानते हैं। जोमैटो ने एक बार फिर अपने ग्राहकों के लिए प्लेटफॉर्म फीस बढ़ा दी है। कंपनी के ऐप पर शुक्रवार को उपलब्ध बिलिंग डिटेल्स के अनुसार, प्लेटफॉर्म फीस में 19.2% यानी 2.40 प्रति ऑर्डर की बढ़ोतरी की गई है। अब यह शुल्क प्री-जीएसटी आधार पर 12.50 से बढ़कर 14.90 प्रति ऑर्डर हो गया है। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में आई है जब एलपीजी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते रेस्टोरेंट्स और डिलीवरी पार्टनर्स की लागत बढ़ी है। बढ़ते ऑपरेशनल खर्च को संतुलित करने के लिए फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म्स कीमतों में बदलाव कर रहे हैं।

कंपनी ने सितंबर में भी फीस में किया था संशोधन

कंपनी ने इससे पहले सितंबर 2025 में प्लेटफॉर्म फीस में संशोधन किया था। वहीं, फरवरी में फेस्टिव सीजन के दौरान इसे 6 से बढ़ाकर 10 प्रति ऑर्डर किया गया था। अगस्त 2023 में जोमैटो ने पहली बार 2 प्रति ऑर्डर प्लेटफॉर्म फीस लागू की थी, जिसे बाद में धीरे-धीरे बढ़ाया गया। प्रतिद्वंद्वी स्विगी फिलहाल 14.99 प्रति ऑर्डर (टैक्स सहित) प्लेटफॉर्म फीस वसूल रहा है, जिससे दोनों कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा बनी हुई है। यह कदम ऐसे वक्त पर उठाया गया है जब फूड डिलीवरी कंपनियां बढ़ती लागत के बीच अपने यूनिट इकोनॉमिक्स और मार्जिन सुधारने पर ध्यान दे रही हैं।

पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भारत सरकार का बड़ा कदम

# संकट से जूझ रहे निर्यातकों को 497 करोड़ का राहत पैकेज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत सरकार ने ईरान युद्ध के कारण चुनौतियों का सामना कर रहे निर्यातकों को 497 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की घोषणा की है। वाणिज्य मंत्रालय की नई रिलीफ योजना के तहत यूएई, कतर, कुवैत, ओमान, ईरान, इस्राइल, यमन, सऊदी अरब, बहरीन और इराक में भेजी जा रही खेपों पर 95% बीमा कवरेज मिलेगा। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

भारत सरकार ईरान युद्ध के कारण चुनौतियां झेल रहे निर्यातकों को 497 करोड़ रुपये का राहत पैकेज देगी। इसके लिए वाणिज्य मंत्रालय ने रेजिलिएंस एंड लॉजिस्टिक्स इंटरवेंशन फॉर एक्सपोर्ट फैसिलिटेशन (रिलीफ) योजना शुरू की। इसका लाभ संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कतर, कुवैत, ओमान, ईरान, इस्राइल, यमन, सऊदी अरब, बहरीन व ईराक सामान भेज रहे निर्यातकों या वहां से होकर गुजरने वाली खेप पर मिलेगा।

निर्यातकों को नई खेप भेजने के लिए 95 फीसदी बीमा कवरेज मिलेगा। इसके अलावा भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम (ईसीजीसी) के दायरे से बाहर वाले निर्यातकों को अतिरिक्त माल भाड़े व बीमा लागत का 50 फीसदी तक प्रतिपूर्ति होगी। सरकार ने ईसीजीसी निगम को सत्यापन, दावा प्रसंस्करण, वितरण और निगरानी व निर्यात ऋण जोखिम कवर प्रदान करने का जिम्मा सौंपा है।



**17-18 क्षेत्रों के निर्यातकों को मिलेगी मदद-** सरकार ने ईरान युद्ध के कारण चुनौतियां झेल रहे देश के निर्यातकों को राहत देने के लिए बृहस्पतिवार को 497 करोड़ रुपये के खर्च वाली रेजिलिएंस एंड लॉजिस्टिक्स इंटरवेंशन फॉर एक्सपोर्ट फैसिलिटेशन (रिलीफ) योजना शुरू की। वाणिज्य मंत्रालय में सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, निर्यात प्रोत्साहन मिशन के तहत यह नई योजना विशेष रूप से उन 17-18 भौगोलिक क्षेत्रों के निर्यातकों पर केंद्रित है, जो संघर्ष से प्रभावित हुए हैं।

इसका मकसद उनकी चुनौतियों को कम करना है। सचिव ने बताया, भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम (ईसीजीसी) को कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में नियुक्त करते हुए राहत योजना के तहत पैकेज में निर्यात दायित्वों का स्वचालित विस्तार, लॉजिस्टिक संबंधी सहायता और खेप में देरी को प्रबंधित करने के लिए संभावित वित्तीय उपाय शामिल किए गए हैं।

### इन निर्यातकों को मिलेगी राहत

यह योजना मुख्य रूप से उन खेप पर लागू होगी, जिनकी आपूर्ति संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, कुवैत, कतर, ओमान, बहरीन, इराक, ईरान, इस्राइल और यमन जैसे देशों से होती है या जो वहां से होकर गुजरते हैं। सचिव ने बताया, विभिन्न सरकारी विभागों को मिलाकर एक अंतर-मंत्रालयी समूह बनाया गया है। यह माल ढुलाई की स्थिति के आधार पर बदलते हालात के आकलन के लिए प्रतिदिन बैठक करेगा। इस योजना के तीन प्रमुख हिस्से हैं। पहले हिस्से के तहत निर्यात दायित्व विस्तार शामिल है। अग्रिम अनुमति और ईपीसीजी अनुमति (जो एक मार्च से 31 मई, 2026 के बीच देय हैं) का स्वतः विस्तार 31 अगस्त तक बिना किसी जुमार्ने के किया जाएगा। यह 14 फरवरी से 15 मार्च तक की तत्काल एक माह की अवधि में ईसीजीसी के जरिये पहले से बीमित खेपों की सुरक्षा करता है। दूसरे हिस्से का उद्देश्य 16 मार्च से 15 जून तक तीन माह की अवधि में आगामी निर्यात खेपों के लिए ईसीजीसी कवरेज को प्रोत्साहित करना और सुगम बनाना है।

कम नहीं हो पा रही पाकिस्तान की तंगहाली

## गरीबी और बढ़ी, कमजोर सिस्टम ने किया आग में घी का काम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तान में गरीबी लगातार बढ़ रही है। महंगाई और कमजोर नीतियों के कारण लोगों की वास्तविक आय घट रही है, जबकि सरकारी सिस्टम की कमजोरियां इस संकट को और गहरा बना रही हैं।

पाकिस्तान एक गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है, जहां सरकारी आंकड़ों के अनुसार गरीबी की समस्या लगातार गहराती जा रही है। नवीनतम रिपोर्टों से यह स्पष्ट होता है कि देश केवल मौद्रिक गरीबी का सामना नहीं कर रहा है, बल्कि 'संस्थागत गरीबी' की गिरफ्त में भी आ गया है। यह एक ऐसी स्थिति है जहां मजबूत, अनुमानित और लचीले संस्थानों का अभाव है, जो आय की सुरक्षा कर सकें, अवसरों को सक्षम बना सकें और झटकों को अवशोषित कर सकें।

**मौद्रिक गरीबी में वृद्धि-** पाकिस्तान के योजना आयोग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, मौद्रिक गरीबी का प्रतिशत 2018-19 में 21.9 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 28.9 प्रतिशत हो गया है। इसका अर्थ है कि देश की एक बड़ी आबादी जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रही है। मौद्रिक गरीबी आय या व्यय की उस कमी को कहते हैं, जहां कोई व्यक्ति या परिवार जीवन की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक न्यूनतम आय स्तर (गरीबी रेखा) से नीचे रहता है।

**ग्रामीण और शहरी गरीबी का विभाजन-** गरीबी का यह संकट देश के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों को प्रभावित कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी 36 प्रतिशत से अधिक है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 17 प्रतिशत को पार कर गई है। राष्ट्रीय गिनी सूचकांक, जो आय असमानता को मापता है, 28.4 से बढ़कर 32.7 हो गया है, जो विशेष रूप से सिंध जैसे कुछ प्रांतों में स्थिति के और बिगड़ने का संकेत देता है। योजना आयोग की रिपोर्टों से पता चलता है कि हालांकि नाममात्र की आय में वृद्धि हुई है, लेकिन मुद्रास्फीति के आय से अधिक होने के कारण वास्तविक आय में गिरावट आई है।

## एअर इंडिया ने गलत मॉडल का प्लेन भेजा, वापस लाना पड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एअर इंडिया की एक बार फिर बड़ी चूक सामने आई है, जिसके कारण दिल्ली से कनाडा के वैंकूवर जा रही फ्लाइट अक-185 को उड़ान भरने के करीब 7 घंटे बाद वापस दिल्ली लौटना पड़ा। विमान में 300 से ज्यादा यात्री मौजूद थे।

दरअसल, एअर इंडिया ने गुरुवार को दिल्ली से कनाडा के लिए बोइंग 777-300 एफ की जगह बोइंग 777-200 छफ मॉडल का विमान भेज दिया। एअर इंडिया के पास बोइंग 777-200 छफ को कनाडा में ऑपरेट करने की इजाजत ही नहीं है। इस वजह से यह विमान कनाडा में उतर ही नहीं सकता था।

गलती का पता तब चला जब विमान करीब 4 घंटे उड़ान भरकर चीन के कुनमिंग एयरस्पेस में पहुंच चुका था। इसके बाद विमान को यू-टर्न लेना पड़ा। फ्लाइट ने गुरुवार सुबह 11:34 बजे दिल्ली से उड़ान भरी थी और शाम 7:19 बजे वापस दिल्ली लैंड किया। घटना की जानकारी शुक्रवार को सामने आई है।

एविएशन नियमों के तहत अलग-अलग देशों में विदेशी एयरलाइंस को अपने देश में संचालन की अनुमति देने के नियम अलग होते हैं। कुछ देश एयरलाइन के आधार पर अनुमति देते हैं, कुछ विमान (फ्लीट) के आधार पर, जबकि कुछ किसी खास विमान के लिए अलग मंजूरी देते हैं।

एअर इंडिया के मामले में कनाडा ने केवल बोइंग 777-300 एफ विमान को उड़ाने की इजाजत दी है, जबकि गुरवार को एयरलाइन ने इस रूट पर बोइंग 777-200LR तैनात कर दिया जिसे कनाडा में ऑपरेट करने की अनुमति नहीं है।

### विमान के शेड्यूलिंग के कारण गलती होने की आशंका

एअर इंडिया ने इस घटना को ऑपरेशनल इश्यू बताया और कहा कि सभी यात्री और क्रू सुरक्षित हैं। यात्रियों को होटल की सुविधा दी गई और उन्हें अगली सुबह यानी 20 मार्च को दूसरी फ्लाइट से वैंकूवर के लिए रवाना किया गया। हालांकि, यह पूरी तरह एअर इंडिया स्टाफ की गलती मानी जा रही है, जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ा।

### चुनाव के विज्ञापनों के लिए पार्टियों को सर्टिफिकेट लेना होगा

# चुनाव आयोग का निर्देश- बिना इजाजत इलेक्ट्रोनिक या सोशल मीडिया पर एड जारी नहीं किए जा सकेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने आगामी विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। अब सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म पर किसी भी पॉलिटिकल एड से पहले मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी से परमिशन लेना जरूरी होगा।

यह निर्देश पांच राज्यों असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनावों और छह राज्यों के उपचुनावों के लिए लागू होगा। आयोग के मुताबिक बिना प्रमाणन के कोई भी राजनीतिक विज्ञापन टीवी, रेडियो, सार्वजनिक स्थानों पर ऑडियो-वीडियो डिस्प्ले, ई-पेपर, बल्क स्टर/वॉयस मैसेज, इंटरनेट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी नहीं किया जा सकेगा।

### पेड न्यूज और सोशल मीडिया पर निगरानी

चुनाव आयोग ने टडटउ को पेड न्यूज के मामलों पर कड़ी निगरानी रखने और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उम्मीदवारों को अपने नामांकन पत्र में अपने सभी आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट की जानकारी देना भी अनिवार्य होगा।

जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 77(1) और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत, राजनीतिक दलों को चुनाव खत्म होने के 75 दिनों के भीतर पूरा खर्च विवरण देना होगा। इसमें इंटरनेट और सोशल मीडिया पर विज्ञापन, कंटेंट तैयार करने और अकाउंट संचालन से जुड़े सभी खर्च शामिल होंगे।

फेक न्यूज, भ्रामक जानकारी और दुष्प्रचार पर नियंत्रण के लिए 19 मार्च को आयोग ने सभी चुनावी राज्यों के अधिकारियों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की।




**5 राज्यों का चुनाव शेड्यूल**

| राज्य | सीटें | फेज | वोटिंग |
|---|---|---|---|
| प. बंगाल | 294 | 2 | 23 और 29 अप्रैल |
| तमिलनाडु | 234 | 1 | 23 अप्रैल |
| असम | 126 | 1 | 9 अप्रैल |
| केरल | 140 | 1 | 9 अप्रैल |
| पुडुचेरी | 30 | 1 | 9 अप्रैल |

रिजल्ट: 4 मई | चुनाव के ऐलान से नतीजों तक 51 दिन की चुनाव प्रक्रिया

अप्रैल में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने हैं। बंगाल में दो फेज 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होगी। तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में सिंगल फेज में चुनाव होंगे। तमिलनाडु में 23 अप्रैल, केरल, असम और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को मतदान होगा। पांचों राज्यों का रिजल्ट 4 मई को आएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 15 मार्च को इसका ऐलान किया था।

पांच राज्यों-केंद्र शासित प्रदेश में 17.4 करोड़ मतदाता हैं। यहां 824 सीटों पर चुनाव होने हैं। 2021 में इन सभी पांच राज्यों के चुनाव का ऐलान 26 फरवरी को किया गया था। पिछली बार बंगाल में 8 चरणों में चुनाव हुए थे।

## ममता का ऐलान- SC-ST महिलाओं को हर महीने 1700 देंगे



श्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने शुक्रवार को विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। ममता ने लक्ष्मी भंडार योजना के तहत महिलाओं को हर महीने मिलने वाली सहायता राशि 500-500 रुपए बढ़ाने का वादा किया है।

मेनिफेस्टो को मुताबिक, अगर ममता की सरकार बनी तो बंगाल में जनरल कैटेगरी की महिलाओं को हर महीने 1500 मिलेंगे। अभी बंगाल सरकार जनरल कैटेगरी की महिलाओं को ?1000 हर महीने देती है।

वहीं SC/ST महिलाओं को 1700 प्रति माह दिया जाएगा। अभी SC/ST महिलाओं को 1200 रुपए मिलते हैं। इसके अलावा ममता ने बेरोजगार युवाओं को 1500 प्रति माह देने का ऐलान किया है। हर परिवार को पक्का घर और हर घर में नल से पीने का साफ पानी पहुंचाने का वादा किया है।

चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनावों से पहले नए सख्त नियम लागू किए हैं। अब किसी भी राजनीतिक विज्ञापन को टीवी, रेडियो, सोशल मीडिया या इंटरनेट पर चलाने से पहले MCMC से अनुमति लेना जरूरी होगा।

### :एयरलाइंस बोलीं-मजबूरन किराया बढ़ाना पड़ेगा; केंद्र का आदेश- 60% सीटें बिना एक्स्ट्रा चार्ज के बुक होंगी

# फ्लाइट सीटों पर एक्स्ट्रा-चार्ज न लगाने के फैसले का विरोध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इंडिगो, एअर इंडिया और स्पाइस जेट ने फ्लाइट्स की 60% सीटों पर एक्स्ट्रा चार्ज न वसूलने के सरकार के फैसले विरोध किया है। एयरलाइंस का कहना है कि इस कदम से उन्हें अपनी खोई हुई कमाई की भरपाई के लिए हवाई किराया बढ़ाने पर मजबूर होना पड़ेगा।

तीनों एयरलाइंस का प्रतिनिधित्व करने वाली फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस ने सिविल एविएशन मिनिस्ट्री से इस फैसले को वापस लेने का आग्रह किया है। फेडरेशन ने कहा... इस निर्देश से एयरलाइंस की वित्तीय स्थिति काफी प्रभावित होगी। इसके परिणामस्वरूप सभी यात्रियों को, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं, जो शायद पहले से सीटें नहीं चुनना चाहते, उन्हें भी अधिक किराया देना पड़ेगा।

दरअसल, एविएशन मिनिस्ट्री ने बुधवार को भारत में हवाई यात्रा को ज्यादा सुविधाजनक बनाने के लिए नए नियम जारी किए थे। नए आदेश के मुताबिक एयरलाइंस की हर फ्लाइट में कम से कम 60% सीटें बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के बुक होंगी। ये निर्देश घरेलू फ्लाइट्स पर लागू होंगे।

एयरलाइंस के लिए सीट चुनने का शुल्क कमाई का एक वैध (सही) तरीका है। एयरलाइंस बहुत कम मुनाफे पर काम करती हैं, इसलिए उन्हें अतिरिक्त सेवाओं (जैसे सीट चयन) से कमाई करनी पड़ती है। ईंधन, रखरखाव और एयरपोर्ट शुल्क जैसे खर्च लगातार बढ़ रहे हैं। एयरपोर्ट्स इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी के नियमों के कारण एयरपोर्ट की लागत हर साल बढ़ती है, जिससे एयरलाइंस पर और दबाव पड़ता है। अगर सीट चयन शुल्क पर रोक लगाई गई तो एयरलाइंस की कमाई कम हो जाएगी और उनका कामकाज प्रभावित होगा। इससे बाजार के अनुसार कीमत तय करने की आजादी कम हो जाएगी। मंत्रालय ने यह फैसला लेने से पहले एयरलाइंस या अन्य संबंधित पक्षों से सलाह नहीं ली। इस तरह का फैसला एयरलाइंस की कमाई में बड़ा नुकसान कर सकता है।



### 'प्रेफर्ड सीट' के नाम पर एक्स्ट्रा चार्ज नहीं ले सकेंगी एयरलाइंस

अक्सर देखा जाता है कि टिकट बुकिंग के बाद जब यात्री वेब चेक-इन करते हैं, तो उन्हें फ्री सीट के नाम पर केवल 20% ऑप्शन ही मिलते थे। बाकी सीटों के लिए कंपनियां 'प्रेफर्ड सीट' के नाम पर भारी वसूली करती थीं। उड्डअ के नए आदेश के मुताबिक, अब हर फ्लाइट में 60% सीटें ऐसी होनी चाहिए, जिन्हें यात्री बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के चुन सकें।

### अभी 20% सीटें ही बिना एक्स्ट्रा चार्ज बुक होती हैं

मौजूदा नियमों में पैसेंजर्स के लिए 20% सीटें ही बिना एक्स्ट्रा चार्ज दिए बुक की जा सकती हैं, जबकि बाकी सीटों के लिए भुगतान करना पड़ता है। ये कदम इसलिए उठाया गया, क्योंकि एयरलाइंस सीट चुनने समेत कई सर्विसेस के लिए बहुत ज्यादा शुल्क वसूल रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभी एयरलाइंस पंसद की सीटें चुनने पर 500 से 3000 रुपए तक एक्स्ट्रा चार्ज करती हैं।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- पत्नी नौकरानी नहीं, लाइफ पार्टनर:तलाक के मामले में कहा- खाना न बनाना क्रूरता नहीं,

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तलाक से जुड़े एक मामले में कहा, द्यपत्नी का खाना न बनाना या घरेलू कामकाज ठीक से न करना क्रूरता नहीं माना जा सकता। आप नौकरानी से शादी नहीं कर रहे, बल्कि जीवनसाथी से कर रहे हैं।'

जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने कहा- अब समय बदल चुका है और पति को भी घर के कामों में बराबर की जिम्मेदारी निभानी होगी। आज के समय में पति को भी खाना बनाना और घर के काम करना चाहिए। बेंच ने इस केस में अंतिम फैसला नहीं सुनाया है। मामले की अगली तारीख पर पति-पत्नी को सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का कहा है। दोनों की शादी साल 2017 में हुई थी और उनका एक 8 साल का बेटा है। पति सरकारी स्कूल में शिक्षक है, जबकि पत्नी लेक्चरर है। दलीलों के मुताबिक, पत्नी आर्थिक रूप से पति से बेहतर स्थिति में है और उसने अब तक किसी तरह का भरण-पोषण या गुजारा भत्ता नहीं मांगा है। पति का आरोप है कि शादी के एक हफ्ते बाद ही पत्नी का व्यवहार बदल गया। वह उसके साथ गलत तरीके से पेश आने लगी और उसके तथा उसके माता-पिता के खिलाफ गंदी भाषा का इस्तेमाल करती थी। उसने घर का खाना बनाने से भी मना कर दिया। पति ने यह भी कहा कि बच्चे के जन्म के बाद हुए नामकरण संस्कार में उसे नहीं बुलाया गया। वहीं, पत्नी का कहना है कि वह बच्चे के जन्म के लिए पति और उसके परिवार की सहमति से अपने मायके गई थी। लेकिन पति और उसके परिवार के लोग ही नामकरण संस्कार में शामिल नहीं हुए।

### दावा- खार्ग आइलैंड पर कब्जा करने का प्लान

# मिडिल ईस्ट की तरफ बढ़ रहे 3 अमेरिकी वॉरशिप: इन पर 2200 सैनिक मौजूद




ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

मिडिल ईस्ट में अमेरिका अपनी सैन्य मौजूदगी तेजी से बढ़ा रहा है। उठत के मुताबिक सैटेलाइट इमेज से पता चला है कि 3 अमेरिकी वॉरशिप के साथ मरीन सैनिक मिडिल ईस्ट भेजे जा रहे हैं।

इनमें वरर त्रिपोली, वरर सैन डिएगो, वरर न्यू ऑरलियंस शामिल हैं। इन पर करीब 2200 सैनिक तैनात हैं। ये सभी सैनिक 31२३ मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट का हिस्सा हैं, जिसे तुरंत एक्शन के लिए तैयार रखा जाता है।

इनमें से वरर त्रिपोली एक एम्फीबियस असॉल्ट शिप है, यानी ऐसा युद्धपोत जो मरीन सैनिकों, हेलीकॉप्टर और लड़ाकू विमानों को लेकर चलता है। ये तीनों वॉरशिप जापान के पास थे। अभी यह भारत के पास दक्षिणी हिंद महासागर में है।

अमेरिकी वेबसाइट एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प सरकार ईरान के खार्ग द्वीप पर कब्जा करने या उसे घेरने (ब्लॉकेड) की योजना पर विचार कर रही है।

### अगले सप्ताह नए स्टेज में पहुंच सकता है ईरान जंग

अमेरिका की तैयारियों से लग रहा है कि ईरान जंग अगले हफ्ते नए स्टेज में पहुंच सकता है। इससे पहले कई बार ट्रम्प यह कह चुके हैं कि वे मिडिल ईस्ट में सैनिक नहीं भेज रहे हैं। ट्रम्प ने गुरुवार को कहा था, ह्मैं कहीं भी सैनिक नहीं भेज रहा हूं। अगर भेजता भी, तो आपको नहीं बताता।

ट्रम्प अपने अचानक फैसलों के लिए जाने जाते हैं, इसलिए उनके बयान से पता नहीं चल रहा कि वे क्या करने वाले हैं। रॉयटर्स के मुताबिक, अमेरिकी सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि ट्रम्प ईरान में कार्रवाई तेज करने के लिए हजारों सैनिक भेजने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

### पहली वजह- होर्मुज को फिर से खोलना

दुनिया के करीब 20% तेल और गैस की सप्लाई इसी रास्ते से होती है। 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान ने यहां जहाजों की आवाजाही लगभग रोक दी है, जिससे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं।

पिछले कुछ दिनों में ट्रम्प ने अपने सहयोगी देशों से भी होर्मुज में युद्धपोत भेजने को कहा, लेकिन किसी भी देश ने उनका समर्थन नहीं किया। ऐसे में वरर त्रिपोली और बाकी वॉरशिप पर मौजूद अमेरिकी मरीन उनके लिए सबसे अहम विकल्प बन सकते हैं। अगर अमेरिका इस अहम समुद्री रास्ते को सुरक्षित करना चाहता है, तो उसे ईरान के तटीय इलाकों में सैनिक उतारने पड़ सकते हैं। ईरान की नौसेना को काफी नुकसान हो चुका है, इसलिए यह विकल्प अमेरिका के लिए संभव और कम जोखिम वाला माना जा रहा है।

## ईरान के लिए बहुत खास है खार्ग आइलैंड

खार्ग द्वीप ईरान के तट से करीब 15 मील दूर है और यहीं से उसके करीब 90 प्रतिशत कच्चे तेल का निर्यात होता है। इसलिए अगर अमेरिका इस द्वीप को अपने नियंत्रण में लेता है या वहां नाकाबंदी करता है, तो वह ईरान पर होर्मुज को खोलने का दबाव बना सकता है। हालांकि इस योजना में बड़ा जोखिम भी है। अगर अमेरिका खार्ग द्वीप पर कब्जा करता है, तो उसके सैनिक सीधे हमलों के दायरे में आ जाएंगे और यह जरूरी नहीं कि ईरान इससे झुक जाए। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि अमेरिका को सीधे ईरान की जमीन या खार्ग द्वीप पर कब्जा करने की जरूरत नहीं है। इसके बजाय वह अपने युद्धपोतों और लड़ाकू विमानों को होर्मुज स्ट्रेट में तैनात कर सकता है, ताकि तेल ले जाने वाले जहाजों को रास्ते में सुरक्षा दी जा सके। दूसरा बड़ा कारण है ईरान का अत्यधिक समृद्ध यूरेनियम। ईरान के पास करीब 950 पाउंड यूरेनियम ऐसा है जिसे परमाणु हथियार बनाने में इस्तेमाल किया जा सकता है। माना जा रहा है कि यह यूरेनियम उन ठिकानों के मलबे में दबा है, जिन पर अमेरिका और इजराइल ने हमला किया था।




## दक्षिण कोरियाई फैक्ट्री में आग लगने से 10 लोगों की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ड्रेजान

दक्षिण कोरियाई बचाव कर्मियों ने शनिवार को डेजॉन के मध्य शहर में एक ऑटो पार्ट्स फैक्ट्री के जले हुए मलबे से 10 शव बरामद किए। इस फैक्ट्री में संभवतः एक धमाके के कारण आग लगी थी, जिसमें कम से कम 59 अन्य लोग घायल हो गए और चार लोग लापता हो गए।

गृह और सुरक्षा मंत्रालय ने बताया कि 25 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, लेकिन अधिकारियों ने तुरंत इस बात की पुष्टि नहीं की कि क्या उनमें से किसी की जान को खतरा है। शुक्रवार दोपहर आग लगने के बाद, आग पर काबू पाने और बचाव अभियान चलाने के लिए 500 से अधिक दमकलकर्मियों, पुलिस और आपातकालीन कर्मियों को तैनात किया गया था। घटनास्थल से मिले वीडियो और तस्वीरों में फैक्ट्री परिसर से धुआं उठता हुआ दिखाई दे रहा था। शहर के डेडेओक जिले के फायर चीफ नाम ड्यूक-वू ने बताया कि आग ने फैक्ट्री की एक इमारत को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। दमकलकर्मी शुरू में इमारत के ढहने के डर से उसके अंदर प्रवेश नहीं कर पा रहे थे। शुक्रवार देर रात लापता कर्मचारियों की तलाश शुरू की गई। नाम ने बताया कि आग लगने की सूचना दोपहर लगभग 1:18 बजे मिली थी। आग लगने का कारण तुरंत पता नहीं चल पाया है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि आग बहुत तेजी से फैली। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने एक धमाके की आवाज सुनी थी।

### ईरान बोला- अमेरिकी F-35 फाइटर जेट को नुकसान पहुंचाया

जंग के बीच ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा है कि उसने अमेरिकी F-35 फाइटर जेट पर हमला कर उसे नुकसान पहुंचाया। IRGC ने इस हमले का वीडियो भी जारी किया है, जिसमें जेट को निशाना बनाते हुए दिखाया गया है। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि नहीं हो पाई है।

वहीं, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने स्वीकार किया कि एक F-35 जेट को ईरान के ऊपर मिशन के दौरान इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान को मिडिल-ईस्ट के किसी देश में उतारा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक कमांड के प्रवक्ता कैप्टन टिम हॉकिन्स के मुताबिक, विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है और पायलट सुरक्षित है। घटना की जांच जारी है। हालांकि अमेरिका ने सीधे तौर पर ईरानी हमले की पुष्टि नहीं की है। रिपोर्ट के अनुसार, यह पहली बार हो सकता है जब इस जंग के दौरान ईरान ने किसी अमेरिकी सैन्य विमान को निशाना बनाया हो। F-35 दुनिया के सबसे एडवांस लड़ाकू विमानों में गिना जाता है और इसकी कीमत 100 मिलियन डॉलर से अधिक होती है। उधर, इजराइली पीएम नेतन्याहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने कहा कि अभी मैं जिंदा हूं और ये जंग हम जीत रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि ईरान बबार्दी की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमने 20 दिनों के युद्ध में सफलता हासिल की है।

# 60 साल में पहली बार अल-अक्सा मस्जिद ईद में बंद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बगदाद

दुनियाभर में ईद का जश्न शुरू हो चुका है। मिडिल ईस्ट में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच पिछले 22 दिनों से जंग चल रही है। ऐसे में 60 साल में पहली बार इजराइल के यरुशलम में अल-अक्सा मस्जिद को ईद की नमाज के लिए बंद कर दिया गया है।

1967 के अरब-इजराइल युद्ध के बाद पहली बार है, जब अल-अक्सा को पूरी तरह बंद किया गया है। यह मुसलमानों के लिए मक्का और मदीना के बाद तीसरा सबसे पवित्र स्थल है। ईरान में ईद बाजार वीरान नजर आए। वहीं कतर, वअए और कुवैत जैसे देशों में खुले मैदानों में नमाज पढ़ने पर रोक लगा दी गई है।

ईरान के अलावा लगभग सभी खाड़ी देशों में शुक्रवार को ईद मनाई गई। ईरान में आमतौर पर फारसी नव वर्ष और ईद-उल-फितर से पहले के दिनों में ये बाजार काफी रौनक भरे होते थे। लोग गिफ्ट, कपड़े और खाने-पीने का सामान खरीदने के लिए बड़ी संख्या में यहां पहुंचते थे।



लेकिन इस बार हालात बदले हुए हैं। बाजारों में न तो पहले जैसी भीड़ है और न ही त्योहारों वाली चहल-पहल। कम लोग ही खरीदारी के लिए बाहर निकल रहे हैं, जिससे त्योहार की रौनक फीकी पड़ती नजर आ रही है।

अबू धाबी में शुक्रवार को ईद के मौके पर लोग रास्ते पर घूमते नजर आए। इजराइल के साथ चल रहे युद्ध और आर्थिक संकट के कारण आम चीजें भी बहुत महंगी हो गई हैं। खासकर ईद के समय खिलौनों, फल और सब्जियों के दाम काफी बढ़ गए हैं। शुक्रवार को ईद की खरीदारी करती महिलाएं।

इजराइल के साथ चल रहे युद्ध और आर्थिक संकट के कारण आम चीजें भी बहुत महंगी हो गई हैं। खासकर ईद के समय खिलौनों, फल और सब्जियों के दाम काफी बढ़ गए हैं। शुक्रवार को ईद की खरीदारी करती महिलाएं।

### ईराक- लोगों ने खामेनेई को याद किया

बगदाद में ईद की नमाज के दौरान खामेनेई का पोस्टर लगाया गया। खामेनेई की 28 फरवरी को इजराइल-अमेरिका के हमले में मौत हो गई थी। लेबनान की राजधानी बेरूत में ईद के दिन लोग शेल्टर के पास घूमते नजर आए। यहां युद्ध के बीच सादगी और मुश्किल हालात में ईद मनाई

### ईद पर पाक-अफगान युद्ध 4 दिन के लिए रुका

इस्तांबुल के ग्रैंड कैमलिका मस्जिद में ईद की नमाज अदा की गई। यह तुर्किये की सबसे बड़ी मस्जिद है। बर्मिंघम के स्मॉल हीथ पार्क में ईद की नमाज अदा की गई, जहां रमजान के अंत पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठे हुए।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने ईद-उल-फितर के अवसर पर जंग में अस्थायी विराम की घोषणा की। जंग को 5 दिनों के लिए रोक दिया गया है। यह कदम सऊदी अरब, तुर्किए और कतर की अपीलों के बाद उठाया गया है। सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार नेप कहा कि यह सीजफायर 18/19 मार्च की रात से 23/24 मार्च की रात तक लागू रहेगा। हालांकि, किसी भी सीमा पार हमले, ड्रोन हमले या पाकिस्तान में आतंकवादी घटना होने पर ऑपरेशन तुरंत फिर से शुरू कर दिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और ओमान के लिए नियमित और विशेष उड़ानें संचालित करेंगी। एयरलाइनों के मुताबिक, कुछ उड़ानें फिलहाल अस्थायी रूप से बंद हैं, लेकिन यात्रियों की सुविधा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। दोनों एयरलाइनों ने यह भी बताया कि जेद्दा (सऊदी अरब) और मस्कट (ओमान) के लिए नियमित उड़ानें जारी रहेंगी।

## अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | 8 | | 9 | | ■ | ■ | |
| 10 | | 11 | ■ | | ■ | 12 | | |
| ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| 15 | | | ■ | 16 | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | ■ | 19 | | 20 | | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | ■ |

### बाएं से दाएं

1. तरंग, हिलोर-3
3. झगड़ा, द्वेष, कहासुनी-3
5. पार्थिव देह-2
6. जरा, थोड़ा-2
8. रहस्य जानने वाला-4
10. दरवेश, औलिया, पीर-2
12. बहुतांश-3
13. राजनीतिक पार्टी-2
14. हिरासत-2
15. साजन, प्रेमी-3
17. देवर्षि-3
19. भगवान, रब, करतार-4
21. श्रवणेंद्रिय-2
23. प्राण, जीवन तत्व-2
24. द्रव पदार्थ-3
25. डोली उठाने वाले-4

### ऊपर से नीचे

1. भगवान राम का एक पुत्र-2
2. दया, करुणा-3
3. शर्ट, बुशर्ट-3
4. अधिकार-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | ■ | ज्ञा | री | र | ■ | ज | ला |
| त | ■ | ह | र | म | ■ | न | झ | ना |
| ■ | आ | रा | म | ■ | रा | ज | न | ■ |
| क | स | म | ■ | ल | ह | र | ■ | त |
| र | न | ■ | ग | ल | त | ■ | भ | ला |
| म | ■ | स | व | क | ■ | का | र | क |
| ■ | आ | ब | रू | ■ | ह | र | ना | ■ |
| म | हू | ल | ■ | का | र | वा | ■ | त |
| न | ट | ■ | क | ल | म | ■ | शा | न |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 2 | | 5 | | 2 | = | 40 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 4 | | 80 | | 50 | = | 30 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 80 | | 5 | | 50 | | 25 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 20 | | 4 | | 4 | = | 20 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 50 | | 20 | | 39 | | 23 | = | 0 / 8 |

### संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | र | ब | सु | भो | स | ल | से | ष्मा |
| शि | ग | ड़ी | रा | दु | ह | अं | लि | म |
| शु | क्र | आ | ब | स | रा | ज | र | पु |
| र | शि | म | र | आ | ह | द | मा | मा |
| स | स | द्वि | स | द्वि | व | अं | दि | ला |
| ल | पू | ची | र | ख | क | पि | ल | ति |

**क्या इस शब्द पहेली में आप खोज पाएँगे अपने पसंदीदा शोज के किरदारों के नाम?**


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| 2 | 28 | 4 | 40 | 7 | 35 | 4 |
| | 2 | | | 4 | 7 | |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| | 2 | 6 | | 5 | | 7 |
| 3 | 31 | 2 | 24 | | 30 | |
| 7 | 6 | | 4 | | | 5 |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# भारत बिना आमने-सामने की जंग की तैयारी कर रहा

# अनंत शस्त्र समेत 6 प्रोजेक्ट्स पर काम शुरू, सरकार इन पर 2.19 लाख करोड़ खर्च करेगी



**ईरान जंग के बीच भारत अब नॉन-कंटैक्ट वारफेयर यानी बिना आमने-सामने आए लड़ी जाने वाली जंग के लिए खुद को तैयार कर रहा है। सरकार अपनी सैन्य शक्ति को भविष्य की जरूरतों के मुताबिक ढालने के लिए सबसे बेहतर रक्षा तकनीकों पर तेजी से काम कर रही है।**

**भारत ने न केवल 5th जेनरेशन(AMCA), बल्कि अब आधिकारिक तौर पर 6th जेनरेशन के फाइटर जेट्स के डिजाइन पर भी काम शुरू कर दिया है। साथ ही स्वदेशी एस-400 (LRSAM) जैसी लंबी दूरी की मिसाइल सिक्योरिटी सिस्टम, ड्रोन को तबाह करने वाले अनंत शस्त्र पर भी युद्धस्तर पर काम शुरू हो चुका है। संसद में पेश की गई रक्षा समिति की रिपोर्ट्स में इसका खुलासा हुआ है। भारत फाइटर जेट्स के लिए शक्तिशाली स्वदेशी इंजन, नौसेना के लिए अभेद सुरक्षा कवच और अकव साइबर डिफेंस जैसे प्रोजेक्ट्स डेवलप कर रहा है।**

## डिफेंस बजट में 15.2% बढ़ोतरी




आंकड़े लाख करोड़ रुपए में

### ये टारगेट्स प्राइयॉरिटी पर



**साइबर डिफेंस:** डीआरडीओ के बजट का बड़ा हिस्सा एआई हथियारों, साइबर सुरक्षा को बेहतर बनाने, दुश्मन के ऐसे ही हमलों को रोकने की तकनीक पर खर्च होगा।

**नौसेना का सुरक्षा कवच:** समुद्र में दुश्मनों के हमलों को नाकाम करने के लिए एडवांस्ड टॉरपीडो डिफेंस सिस्टम व एंटी-ड्रोन सिस्टम तैयार किया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम पर भी जोर।

**अनंत शस्त्र:** यह एक क्विक रिएक्शन सरफेस-टू-एयर मिसाइल सिस्टम है। यह विशेष रूप से दुश्मन के कई ड्रोन्स और कम ऊंचाई पर उड़ने वाले खतरों को पलक झपकते ही नष्ट करने के लिए तैयार की गई है।

**स्वदेशी S-400:** रूस की **S**-400 की तर्ज पर भारत खुद का लॉन्ग रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल सिस्टम विकसित कर रहा है। यह लंबी दूरी तक दुश्मन के विमानों और मिसाइलों को मार गिराने में सक्षम होगा। इसका उद्देश्य देश को दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइलों और लड़ाकू विमानों से सुरक्षित करना है।

5th जेनरेशन के विमानः स्वदेशी 5th जेनरेशन के विमान एएमसीए (एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट) का डिजाइन तैयार हो चुका है। संसदीय रिपोर्ट के अनुसार, अब यह ड्राइंग बोर्ड से निकलकर विकास के चरण में है। वर्तमान में इसके निर्माण की जिम्मेदारी तय करने पर विचार चल रहा है।

## ऐसा होगा 6th जेनरेशन फाइटर जेट



**हाइपरसोनिक स्पीड**
आवाज की गति से लगभग 5 गुना या उससे ज्यादा तेज उड़ सकेगा

**अडैप्टिव शेप**
इसके पंख और डिजाइन उड़ते समय जरूरत के हिसाब से बदल सकेंगे

**फ्लाइंग कमांड सेंटर**
हवा में ही कंट्रोल सेंटर की तरह काम करेगा, ड्रोन और दूसरे विमानों को नियंत्रित कर सकेगा

**ड्रोन स्वार्म कंट्रोल**
एक साथ कई ड्रोन को निर्देश देकर दुश्मन पर हमला या निगरानी कर सकेगा

**स्टेल्थ टेक्नोलॉजी**
रडार से पकड़ना बहुत मुश्किल होगा, दुश्मन की नजर से छिपकर काम करेगा

**डुअल मोड इंजन**
न सिर्फ उड़ान के लिए ताकत देगा, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम को ठंडा रखने और बिजली देने में भी मदद करेगा

**AI और हाई-टेक सिस्टम**
आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का इस्तेमाल होगा, खुद फैसले लेने में मदद मिलेगी


**लंबी दूरी और सर्विलांस**
यह दूर तक उड़ान भर सकेगा और दुश्मन पर नजर रखने में ज्यादा सक्षम होगा

## उड़ते हुए कमांड सेंटर की तरह काम कर सकेगा 6th जेन विमान




देश का रक्षा दृष्टिकोण अब नॉन-कॉन्टैक्ट वॉरफेयर की चुनौतियों को देखते हुए आक्रामक और रक्षात्मक प्रौद्योगिकियों के बीच एक सटीक संतुलन बनाने पर केंद्रित है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी क्षमताओं को साबित किया था। अब 5th जेनरेशन के विमानों और 6th जेनरेशन की सोच (जैसे हाइपरसोनिक स्पीड और सी4आईएसआर सिस्टम) के साथ भविष्य के युद्धक्षेत्र के लिए पूरी तरह तैयार है। डिफेंस इन्वेस्टेमेंट के लिए 2 लाख करोड़ से ज्यादा आवंटित देश को मॉडर्न वॉरफेयर में सक्षम बनाने के लिए सरकार ने इसके लिए भारी-भरकम बजट का प्रावधान किया है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए डिफेंस इन्वेस्टमेंट में खर्च के लिए में 2,19,306.47 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। यह पिछले वर्ष के बजट अनुमान से 21.84% अधिक है। इसका बड़ा हिस्सा केवल सशस्त्र बलों के मॉडर्नाइजेशन और नए हथियारों की खरीद के लिए सुरक्षित रखा गया है।

## 10 साल में रक्षा बजट दोगुने से ज्यादा हुआ



■ वर्ष-12 अंक-136 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 21 मार्च, 2026

## सुभाषितानि

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।
चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलं।।

**भावार्थ** : बड़ों का अभिवादन करने और सदैव बड़ों की सेवा करने वालों की आयु, ज्ञान, प्रसिद्धि और शक्ति बढ़ती रहती है।

**यस्य स्नेहो भयं तस्य स्नेहो दुःखस्य भाजनम्।
स्नेहमूलानि दुःखानि तानि त्यक्त्वा वसेत्सुखम्।।**

**भावार्थ** : जो प्रेम करता है, वह उससे भी डरता है। प्रेम सभी दुखों की जड़ है, इसलिए प्रेम के बंधनों को तोड़कर सुख से रहना चाहिए।

## सम्पादकीयम्

### नीलसंकटः

ध्यानं ददातु! प्रतिस्पर्धात्मकं विपण्यं श्रेष्ठम् नीलसंकटः एकाधिकारस्य खतरान् प्रकाशयति। भारतस्य विमाननक्षेत्रे नीलेन संकटः उत्पन्नः अस्ति। अनेन एकाधिकारस्य जोखिमः वर्धितः अस्ति। कम्पनी नूतनविनियमानाम् अनुसारं कर्मचारिणः न नियुक्तवती। अन्वेषणार्थं सर्वकारेण समितिः निर्मितवती अस्ति। नीलस्य ६५% विपण्यभागः अस्ति। भारतस्य विमाननक्षेत्रे अद्यतनसंकटः इण्डिगो-कारणात् पुनः एकवारं एकाधिकारस्य खतरान् उदघाटितवान्। नीलस्य प्रकरणं प्रमादस्य, तस्य दृढविपण्यस्थानस्य शोषणस्य प्रयासस्य, उत्तरदायित्वस्य च पलायनस्य च प्रमुखं उदाहरणम् अस्ति। संकटकाले अपि यावत् सर्वकारः हस्तक्षेपं न कृतवान् तावत् कम्पनीयाः व्यवहारः दुर्बलः एव आसीत्। सरकारीसमितिः इत्यस्य नूतनाः विमानशुल्कसमयसीमा नियमाः सर्वेषु विमानसेवासु कार्यान्विताः भवेयुः, तदर्थं सर्वेभ्यः विमानसेवाभ्यः पर्याप्तः समयः दत्तः परन्तु इण्डिगो नूतनविनियमानाम् अनुसारं कर्मचारिणः नियुक्तुं असफलः अभवत्, येन वर्तमानसंकटः अभवत्। इण्डिगो इत्यनेन अधिकारिणां दबावं कर्तुं सज्जतायां जानीतेव विलम्बः कृतः वा इति अन्वेषणार्थं सर्वकारेण समितिः निर्मितवती अस्ति। आश्चर्यजनकव्ययेन एआइ-सञ्चालितं श्रवणयन्त्रम्। श्रवणयंत्रम् इण्डिगो इत्यस्य वर्चस्वम्: एषा चिन्ता अस्य कारणेन उत्पद्यते यत् केबिन-चालकानाम्, विमानचालकानाम् च अभावः अकस्मात् पूरयितुं न शक्यते।

**सीबीएसई सख्त चेतावनी जारीयति : परीक्षा**

## मूल्याङ्कनसम्बद्धेषु भ्रामक सोशल मीडिया पोस्ट् विरुद्धं कानूनी कार्रवाई




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

नवीदिल्ली-केन्द्रीयमाध्यमिकशिक्षामण्डलेन (सीबीएसई) बोर्डपरीक्षाणां मूल्याङ्कनप्रक्रियायाः च विषये भ्रामकं वा मिथ्यासूचनाः सामाजिकमाध्यमेषु साझां कुर्वतां व्यक्तिनां विरुद्धं सख्तकार्याणि करणीयाः इति चेतावनी दत्ता। सोमवासरे जारीकृते निर्देशे बोर्डेन स्पष्टतया उक्तं यत् यदि कोऽपि व्यक्तिः परीक्षायाः मूल्याङ्कनप्रक्रियायाः वा विषये अशुद्धं, भ्रान्तिकं, तथ्यतः अशुद्धं वा सूचनां ऑनलाइन साझां कुर्वन् दृश्यते तर्हि तस्य विरुद्धं कानूनी कार्रवाई आरब्धा भवितुम् अर्हति। अपि च, मूल्याङ्कनप्रक्रियायां सम्बद्धानां शिक्षकाणां कृते बोर्डेन कठोरनिर्देशाः जारीकृताः, येन तेभ्यः निर्देशः दत्तः यत् ते सामाजिकमाध्यमेषु उत्तरपत्राणां मूल्याङ्कनसम्बद्धान् अनुभवान्, टिप्पणीं, मतं वा न साझां कुर्वन्तु, यतः सम्पूर्णा प्रक्रिया गोपनीया अस्ति, कठोरविनियमानाम् अन्तर्गतं च संचालितं भवति।

अस्मिन् विषये सीबीएसई-संस्थायाः पृथक पृथक परिपत्रद्वयं निर्गतम् अस्ति। प्रथमं परिपत्रं तेषां व्यक्तिनां कृते सम्बोधितं भवति ये मूल्याङ्कनप्रक्रियायाः प्रत्यक्षतया सम्बद्धाः न सन्ति, यदा तु द्वितीयं परिपत्रं 10 तथा 12 कक्षायाः उत्तरपत्राणां मूल्याङ्कने सम्बद्धानां शिक्षकाणां कृते निर्दिष्टं भवति-यत्र डिजिटल-पर्दे-चिह्न-प्रणाल्याः अन्तर्गतं कार्यं कुर्वन्तः शिक्षकाः अपि सन्ति। बोर्डेन अवलोकितं यत्, अद्यतनकाले, एतत् अवलोकितम् यत् केचन व्यक्तिः-येषां मूल्याङ्कनप्रक्रियायाः प्रत्यक्षः सम्बन्धः नास्ति-सामाजिकमाध्यममञ्चेषु परीक्षाणां मूल्याङ्कनस्य च विषये मिथ्यासूचनाः साझां कुर्वन्ति। एतेन छात्राणां, अभिभावकानां, अन्येषां च हितधारकाणां मध्ये भ्रमः उत्पद्यते, परीक्षाव्यवस्थायाः विश्वसनीयतां अपि क्षीणं भवति ।

परिपत्रे सीबीएसई परीक्षा नियन्त्रकः डॉ. संयाम भारद्वाजः उक्तवान् यत् बोर्डस्य परीक्षा वा मूल्याङ्कनप्रक्रियायाः विषये मिथ्या वा भ्रामकसूचनाः सामाजिकमाध्यमेषु साझाकरणं सख्यं निषिद्धम् अस्ति। सः अपि स्पष्टीकरोति यत् कस्यापि व्यक्तिस्य सीबीएसई-नाम, लोगो, बोर्डस्य परिसरस्य छायाचित्रं वा उपयुज्य जनसमूहं भ्रमितुं प्रयत्नः कर्तुं अनुमतिः नास्ति। यदि कोऽपि व्यक्तिः एतादृशेषु कार्येषु संलग्नः इति ज्ञायते तर्हि तस्य विरुद्धं प्रयोज्यकानूनीप्रावधानानाम् अनुसारं कार्यवाही क्रियते। द्वितीयवृत्तपत्रे बोर्डेन उत्तरपत्राणां मूल्याङ्कनं कुर्वन्तः शिक्षकाः विशेषतया सावधानाः कृताः सन्ति। सीबीएसई इत्यनेन अवलोकितं यत् केचन शिक्षकाः सामाजिकमाध्यममञ्चेषु स्वस्य अनुभवान्, टिप्पणीं, मतं च साझां कुर्वन्ति इति अवलोकितम्।

**भाजपा बङ्गदेशे ११४**

## केरलदेशे च ४७ सीटानां कृते अभ्यर्थिनः स्थापयति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

आगामिविधानसभानिर्वाचने विजयस्य ध्वजं उत्थापयितुं भारतीयजनतापक्षः स्वराजनैतिकरणनीतिं विन्यस्य आरब्धवान्। महत्त्वपूर्णं पदानि स्वीकृत्य दलेन पश्चिमबङ्गस्य केरलस्य च अभ्यर्थीनां प्रथमा-तथा च महत्त्वपूर्णा-सूची प्रकाशिता अस्ति। अस्मिन् सूचौ पश्चिमबङ्गस्य ११४ सीटानां, केरलस्य ४७ प्रमुखसीटानां च अभ्यर्थीनां नाम आधिकारिकतया अन्तिमरूपेण निर्धारितम् अस्ति। निर्वाचनतिथिघोषणात् पूर्वमपि भाजपायाः एषा प्रमुखघोषणा उभयराज्येषु राजनैतिकक्रियाकलापं तीव्रं कृतवती, निर्वाचनस्य युद्धस्य गुञ्जा च पूर्वमेव ध्वनितवती अस्ति।

बङ्गदेशे ११४ सीटेषु ध्यानं दत्तव्यम् पश्चिमबङ्गदेशे सत्तां ग्रहीतुं भाजपा स्वस्य सम्पूर्णं भारं क्षिपति। यत्र ११४ आसनेषु दलेन अभ्यर्थिनः स्थापिताः तेषु तेषां निर्वाचनक्षेत्रेषु प्राथमिकता दत्ता यत्र पूर्वनिर्वाचनेषु दलस्य प्रदर्शनं असाधारणम् आसीत्। यद्यपि दलस्य उच्चकमाण्डेन एकतः स्वस्य दिग्गज-भार-नेतृषु स्वस्य विश्वासस्य पुनः पुष्टिः कृता, तथापि कतिपयेषु निर्वाचनक्षेत्रेषु निर्वाचनक्षेत्रे युवानां नवीनानाञ्च मुखानाम् अपि स्थानान्तरणं कृतम् यत् किमपि सम्भाव्यं कार्यभारविरोधी भावनां निष्प्रभावीकृत्य। रणनीतिकारानाम् मतं यत् एतावता शीघ्रमेव अभ्यर्थीनां घोषणायाः कारणेन नेतारः जनसमूहेन सह सम्बद्धतां प्राप्तुं स्वस्वविधानसभाक्षेत्रेषु प्रभावीरूपेण प्रचारं कर्तुं च पर्याप्तं समयं प्राप्नुयुः। केरलदेशे ४७ आसनैः सह वामपक्षीयदुर्गं भङ्गयितुं सज्जता केरलस्य प्रमुखे दक्षिणराज्ये अपि भाजपा स्वस्य राजनैतिकपदं सुदृढं कर्तुं ४७ आसनानां उम्मीदवारानाम् घोषणां कृतवती अस्ति। राज्ये एलडीएफ-यूडीएफ-पक्षयोः।

## विवाहानन्तरं रश्मिका अपि उत्सवस्य चयनितस्थलरूपेण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

दलं विजयी अभवत्। सा हास्यपूर्वकं स्वस्य पोस्ट् मध्ये अवलोकितवती यत् सा तस्मिन् दिने प्रत्येकं क्रीडायां विजयं प्राप्नोति स्म-तथा च, विनोदपूर्णं यत्, विजयः अपि अस्य अवसरस्य कृते टीम ब्राइड् इत्यत्र सम्मिलितः आसीत्। विवाहानन्तरं रश्मिका अपि उत्सवस्य चयनितस्थलरूपेण कार्यं कुर्वतः होटेलस्य प्रति कृतज्ञतां प्रकटितवती। सः टिप्पणीं कृतवान् यत् अस्मिन् सुन्दरे स्थले विवाहः तस्य कृते अविश्वसनीयः विशेषः अनुभवः आसीत्। होटेलस्य कर्मचारी, सेवा, भोजनं, समग्रं वातावरणं च प्रशंसन् सः अवदत् यत् सर्वं सर्वथा भव्यम् अस्ति, तत्रैव जीवनस्य स्मरणीयतमं समयं व्यतीतुं अवसरः अस्ति इति रश्मिकायाः विजयस्य च विवाहः पूर्वमेव सामाजिकमाध्यमेषु चर्चायाः विषयः आसीत्।

## राशिफल

**मेष** : काम पर नई चुनौतियों से न कतराएं। वित्तीय मामलों पर पूरा ध्यान दें और सोच-समझकर डिसीजन लें।

**वृषभ** : सेहत के लिहाज से, हेल्दी लाइफस्टाइल बनाए रखने से आपका एनर्जी लेवल अच्छा रहेगा।

**मिथुन** : संतुलन और विकास पर ध्यान केंद्रित करने का समय है। ऑयली फूड ऑवाइड करें।

**कर्क** : व्यक्तिगत संबंधों की बात करें तो खुद को सुनें। याद रखें, छोटे कदम महत्वपूर्ण बदलाव ला सकते हैं।

**सिंह** : आपका ध्यान वर्क लाइफ बैलेंस बनाए रखने पर होना चाहिए। किसी मित्र के सपोर्ट से कारोबार में लाभ के मौके मिलेंगे।

**कन्या** : आपकी सेहत और आर्थिक स्थिति दोनों दमदार रहने वाली है। लाइफ में बैलेंस जरूरी है।

**तुला** : पर्सनल और प्रोफेशनल जीवन को संतुलित करने पर ध्यान दें। कुछ जातकों को बीमारियों से राहत मिल सकती है।

**वृश्चिक** : प्रोफेशनल लाइफ में अपनी प्रोडक्टिविटी बढ़ाने के लिए चुनौतियों का बखूबी सामना करें।

**धनु** : नई स्किल्स सीखने के लिए तैयार रहें। अपनी आदतों को बदलाव करके हेल्दी रहें। आय में वृद्धि भी होगी।

**मकर** : आप अपने करीबियों के साथ अपने कनेक्शन को मजबूत होते हुए पा सकते हैं। पिता की सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** : छोटी-मोटी आर्थिक समस्याएं आ सकती हैं, जिनका आप आसानी से सोल्यूशन निकाल लेंगे।

**मीन** : दोनों एक-दूसरे के साथ अच्छा वक्त बिता सकते हैं। आपकी फाइनेंशियल स्टेबिलिटी निवेश का समर्थन करती है।

## ज्योतिष/वास्तु

# मंगल गोचर से इन राशि वालों को होगा धन लाभ, बढ़ेगा आत्मविश्वास और मिलेगी तरक्की

मंगल मीन राशि में प्रवेश करने जा रहे हैं। उनके यहां आने से चतुर्ग्रही योग का निर्माण भी होगा। ऐसे में कुछ राशियों को इससे लाभ हो सकता है।

2 अप्रैल 2026 को मंगल ग्रह मीन राशि में गोचर करने जा रहे हैं। वह एक राशि में 40 से 45 दिनों तक रहते हैं, इसलिए दोबारा से उसी राशि में आने पर उन्हें करीब 18 महीने लगते हैं। ऐसे में मंगल गुरु की राशि मीन में एक लंबे समय के बाद प्रवेश करने जा रहे हैं। खास बात यह है कि मीन में पहले से ही सूर्य, शनि और शुक्र मौजूद हैं। ऐसे में मंगल के यहां आने से चतुर्ग्रही योग का निर्माण भी होगा। इससे कुछ राशियों का भाग्योदय हो सकता है और साथ ही मनचाहा धन लाभ के योग भी बनेंगे। यह समय जातकों के लिए प्रगति व नौकरी-कारोबार के नए अवसरों के द्वार खोलने वाला साबित हो सकता है। ऐसे में आइए इन लकी राशियों के बारे में जानते हैं।



**मेष राशि-** मेष राशि वालों के लिए यह गोचर ऊर्जा और सफलता लेकर आ सकता है। ज्योतिषियों के मुताबिक, मेष राशि वालों के स्वामी ग्रह मंगल ही हैं। इसलिए उनका प्रभाव आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा। धन लाभ, यात्रा और रिश्तों में मधुरता बढ़ सकती हैं। इसके अलावा अधूरे काम पूरे होने के प्रबल योग बन रहे हैं। नए लोगों से मुलाकात होगी, जिससे आपके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह गोचर आर्थिक रूप से मजबूत समय लेकर आएगा। आय में वृद्धि के संकेत हैं। इस समय पुराने निवेश से भी लाभ मिल सकता है। कोर्ट के मामलों से राहत मिलेगी। कामकाज में आपकी पकड़ मजबूत होगी। निर्णय लेने की क्षमता बेहतर बनेगी। भूमि लेने का फैसला सफल होगा। यह समय आपके लिए का संकेत दे रहा है, जिससे आपकी स्थिति पहले से बेहतर होगी।

**मीन राशि-** मीन राशि वालों के लिए यह गोचर सबसे खास रहने वाला है, क्योंकि मंगल आपकी ही राशि में प्रवेश कर रहे हैं। आपको कर्ज से राहत मिलने के योग बन रहे हैं। निवेश से लाभ होने पर आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को मनचाहा अवसर मिल सकता है। मंगल के शुभ प्रभाव से घर या संपत्ति खरीदने के योग भी बन रहे हैं। नए लोगों से संपर्क बढ़ेगा।

## खबर एक नजर...

### थ्रेशर मशीन में ग्रामीण का फंसा हाथ कटकर गिरा

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम गावड़ी में खेत पर चल रही थ्रेशर मशीन में ग्रामीण देवकरण पिता शंकरलाल 45 साल का हाथ फंस गया। मशीन की रफ्तार तेज होने पर हाथ कटकर गिर गया। देवकरण को लहूलुहान हालत में अस्पताल लाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उज्जैन चरक अस्पताल रैफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि खून अधिक बहने से देवकरण की हालत गंभीर बनी हुई है। इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में गेहूं की फसल काटने का काम चल रहा है। थ्रेशर मशीन से फसल निकाली जा रही है। जिसका पहला घातक परिणाम सामने आया है। हर साल फसल कटाई के दौरान इस तरह के हादसे सामने आते है। थोड़ी सी चूक और लापरवाही से जान के लिये मुसीबत बन जाती है।

### पुलिस को देख भागे जुआरी, चार को पकड़ा

**उज्जैन।** ग्राम सुन्दराबाद के जंगल में कुछ लोगों द्वारा जुआ खेलने की खबर मिलने पर भाटपचलाना थाना पुलिस ने दबिश मारी। पुलिस को आता देख जुआरी भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा कर चार को हिरासत में ले लिया। एक भागने में कामयाब हो गया। पुलिस ने मौके से ताश पत्ती के साथ 36 सौ रुपए नगद बरामद किये। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी के अनुसार हिरासत में आये जुआरियों में किशन पिता धुलसिंह, जितेन्द्र पिता हुकुमसिंह ग्राम जलोदासंजर, भरत पिता भवंरलाल चौधरी, धारासिंह पिता फतेहसिंह मोंगिया निवासी ग्राम सुन्दराबाद है। मौके से फरार हुआ आरोपित महिपाल पिता शंभुसिंह ग्राम सुन्दराबाद होना सामने आया है। जिसकी तलाश की जा रही है। मामले में जुआ एक्ट अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। इससे पहले बिरलाग्राम थाना पुलिस ने ग्राम उमराना के जंगल में दबिश देकर चांद पिता अकबर, भवंरलाल पिता रामलाल, अरबाज पिता अय्यूब, हुसैन पिता मासूम निवासी ग्राम उमराना, बबलू उर्फ विकास पिता राजेन्द्र निवासी खाचरौद और आरिफ पिता मोहम्मद निवासी ग्राम खामरिया को पकड़ा था। जिनके पास से ताश पत्ती के साथ 10 हजार से अधिक की नगदी बरामद की गई थी।

### घायल ड्रायवर की 3 दिन बाद निजी अस्पताल में मौत

**उज्जैन।** ब्यावरा में तीन दिन पहले हुई दुर्घटना में घायल आयशर ड्रायवर को उपचार के लिये उज्जैन लाया गया था। जहां उपचार के दौरान गुरूवार-शुक्रवार रात उसकी मौत हो गई। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक ड्रायवर अनिल पिता तुलसीराम पंड्या 53 साल अंजुश्री कालोनी का रहने वाला था। 17 मार्च को आयशर लेकर राजगढ़ ब्यावरा से लौटते समय पीछे से आये ट्रक ने टक्कर मार दी थी। जिसके चलते अनिल की आयशर आगे चल रहे ट्राले से टकराई थी। जिसमें वह गंभीर घायल हुआ था। परिजन उसे ब्यावरा से उपचार के लिये उज्जैन ले आये थे। नानाखेड़ा थाना पुलिस मर्ग डायरी जांच के लिये ब्यावरा पुलिस को सौंपेगी।

### बाइक चालक ने घायल को पहुंचाया अस्पतल

**उज्जैन।** हरिफाटक ब्रिज के नीचे अज्ञात वाहन ने एक युवक को टक्कर मार दी। युवक गंभीर घायल हो गया। दुर्घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई, तभी बाइक से गुजर रहे धीरज गेहलोत निवासी किशनपुरा ने युवक को घायल हालत में देखा तो तत्काल अपनी बाइक पर बैठाकर उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। नीलगंगा थाना पुलिस के अनुसार अस्पताल पहुंचाने वाले युवक की शिकायत पर सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है। घायल का नाम राजू मीणा सामने आया है। जिसकी हालत में सुधार आने पर उसके बयान दर्ज किये जायेगें।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 578-0 | 457-6 |
| मेन बाजार | 113-5 | 258-5 |
| मिलन डे | 379-9 | 269-7 |
| मिलन नाइट | 248-4 | 578-0 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 |

## आक्रोशित ग्रामीणों ने पत्थर-डंडे से फोड़े कांच, चालक को पकड़ा

# सायकल सवार 13 वर्षीय बालक पर चढ़ा डंपर का पहिया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

निर्माणाधीन मार्ग इंदौर सिक्स लेन पर शुक्रवार शाम सायकल सवार बालक पर डंपर का पहिया चढ़ गया। दुर्घटना में बालक की मौके पर मौत हो गई। घटनाक्रम देख ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। पत्थर-डंडे से डंपर के कांच फोड़ दिये गये। पुलिस ने घटनास्थल से चालक को पकड़ा है।



इंदौर-उज्जैन मार्ग को सिक्स लेन में तब्दील किया जा रहा है। मार्ग पर ब्रिज निर्माण से लेकर अन्य कार्य चल रहे है, मार्ग पर आवागमन भी जारी है। इसी बीच शुक्रवार शाम मार्ग के ग्राम आलमपुर उड़ाना में ह्दय विदारक सड़क दुर्घटना हो गई। सायकल से किराना दुकान की ओर जा रहे बालक पर पीछे से आया डंपर क्रमांक एमपी 11 एच 1285 ने बालक को टक्कर मार दी। बालक के गिरते ही पहिया उसके ऊपर चढ़ गया। बालक की दबने से मौके पर मौत हो गई। घटनाक्रम देख ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा, उन्होने पत्थर-डंडे से डंपर के कांच फोड़ दिये। चालक ने भागने का प्रयास किया जिसे पकड़ लिया गया। दुर्घटना की खबर मिलते ही नानाखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। चालक को कस्टडी में लिया गया और डंपर को जप्त करने की कार्रवाई करने के साथ मृतक का बालक को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया। बालक का नाम आदित्य पिता राजेश अग्रवाल 13 साल निवासी आमलपुर उडाना सामने आया। बताया जा रहा था कि मृतक बालक दादा-दादी और मां के साथ रहता है। उसकी एक बहन है। पिता काम धंधे के चलते गुजरात में रहते है। प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र सूर्यवंशी के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। शनिवार सुबह बालक का पोस्टमार्टम कराया जायेगा। डंपर मार्ग निर्माण कार्य में लगा हुआ है। दुर्घटना की जांच की जा रही है।

**निर्माणाधीन सिक्स लेन पर रोज दुर्घटना-** इंदौर-उज्जैन के बीच बन रहे सिक्स लेन पर आये दिन दुर्घटना होना सामने आया रहा है। निर्माण कार्यो में लगे वाहनों के साथ चार पहिया वाहनों से दो पहिया वाहनों की टक्कर हो रही है। मार्ग इंदौर-उज्जैन को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। जिसके चलते आवागमन भी जारी है। इस मार्ग पर हर दिन जाम लगने की खबरे भी सामने आ रही है।

### इधर भी दुर्घटना के बाद हुआ विवाद

शुक्रवार शाम नीलगंगा थाना क्षेत्र के हरिफाटक ब्रिज से इंदौररोड की ओर जाने वाले निमार्णाधीन मार्ग पर जेसीबी और स्कूटी के बीच टक्कर हो गई। स्कूटी क्षतिग्रस्त होने पर युवको ने जेसीबी चालक के साथ मारपीट कर दी। कुछ देर बाद मामला शांत हुआ और स्कूटी में नुकसान की क्षतिपूर्ति देने की बात तय हुई। जेसीबी चालक ने ठेकेदार को बुलाया, ठेकेदार स्कार्पियों लेकर पहुंचा और स्कूटी सवार युवकों से चर्चा करने लगा। तभी दोबारा विवाद शुरू हो गया। युवकों ने स्कार्पियों के कांच फोड़ दिये। विवाद की जानकारी लगते ही नीलगंगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि कांच फोड़ने वाले 4 युवकों को पकड़ा गया है। जो हाटकेश्वर कालोनी और पंवासा के रहने वाले है। मामले में उनकी ओर से जेसीबी चालक पर टक्कर मारने का प्रकरण दर्ज किया गया। वही मार्ग निर्माण के ठेकेदार की शिकायत पर उसकी स्कार्पियों के कांच फोड़ने का केस दर्ज कर जांच में लिया गया।

# अभिभाषक पर दंपति ने किया कातिलाना हमला

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन। दोस्त के साथ गुरूवार रात कॉफी क्लब पहुंचे अभिभाषक पर पुराने विवाद में दंपत्ति ने अपने 8-10 साथियों के साथ मिलकर कातिलाना हमला कर दिया। गंभीर घायल अभिभाषक का निजी अस्पताल के आईसीयू में उपचार चल रहा है।



नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि ट्रेजर बाजार चौराहा के पास कॉफी क्लब बना हुआ है। रात में 11 बजे के लगभग विवाद होने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। इस दौरान घायल हालत में यश पिता योगेश भार्गव 27 साल निवासी विश्वविद्यालय मार्ग को गंभीर हालत में उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया चुका था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि घायल अभिभाषक है। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर जानकारी प्राप्त की तो सामने आया कि यश भार्गव दोस्त के साथ कॉफी पीने क्लब पहुंचा था। जहां उस पर आशीष सारवान, उसकी पत्नी और 8-10 साथियों ने लोहे की रॉड और अन्य हथियारों से मारने की नियत से हमला किया है। आशीष से जनवरी में लंगर पेट्रोल पंप के पीछे कार पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था। उसकी की रंजीश चली आ रही थी। रात में आशीष और उसकी पत्नी भी ट्रेजर बाजार आये थे, जहां यश को देख अपने साथियों को बुलाया था। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में हमला करने वाले आशीष और उसकी पत्नी सहित अन्यों के खिलाफ धारा 109 (1), 191 (2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई है।

# अनैतिक काम करने वाला 45 दिन बाद पकड़ाया



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने के बाद अनैतिक काम करने वाले युवक को 45 दिन बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसे शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

बड़नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली 15 साल की बालिका 31 जनवरी को लापता हो गई थी। परिजनों ने अज्ञात युवक के खिलाफ बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू की। 2 दिन बाद बालिका को दस्तयाब किया गया। इस दौरान सामने आया कि उसके साथ शिक्षक कालोनी में रहने वाले कान्हा पिता प्रकाश 20 वर्ष ने अनैतिक काम किया है। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि बालिका के बयान दर्ज कर मामले में अनैतिक काम करने की धारा का इजाफा कर युवक की तलाश शुरू की गई, वह लगातार फरार चल रहा था। 45 दिन बाद गुरूवार रात खबर मिली कि उक्त युवक अपने घर आया हुआ है। तत्काल उसकी गिरफ्तारी के लिये एसआई चांदनी पाटीदार, प्रधान आरक्षक प्रदीप डामोर, आरक्षक हेमराज खरे, कैलाश गरवाल और महिला आरक्षक ज्योति हाड़ा की टीम को रवाना किया गया। टीम द्वारा शिक्षक कालोनी में घेराबंदी कर आरोपी युवक को पकड़ा और थाने लेकर आये। जहां विधिवत उसकी गिरफ्तारी कर शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेजने का आदेश होने पर उसे जेल भेजा गया है।

# ईद से पहले फ्लैग मार्च पर निकला पुलिस का काफिला

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मुस्लिम समुदाय का पर्व ईद-उल-फितर आज मनाया जायेगा। इससे पहले शुक्रवार शाम कानून-व्यवस्था को बनाये रखने के लिये पुलिस का काफिला फ्लैग मार्च पर निकला। अपील की गई कि त्यौहार शांति, सौहार्द्र के साथ मनाया जाये।

पवित्र रमजान के 30 दिन पूरे होने और शुक्रवार शाम चांद दिखाई देने पर मुस्लिम समुदाय आज ईद-उल-फितर का पर्व मनाने जा रहा है। इससे पहले देर शाम पुलिस ने कानून व्यवस्था को बनाये रखने और सुरक्षा की दृष्टि से शहर में फ्लैग मार्च किया। एसपी प्रदीप शर्मा के



मार्गदर्शन में एएसपी, सीएसपी, थाना प्रभारियों, पुलिस बल के साथ पुलिस वाहनों का काफिला शहर में फ्लैग मार्च पर निकला। इस दौरान चिन्हित संवेदनशील क्षेत्र और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण किया गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा पुलिस की सक्रियता और उपस्थिति को सुनिश्चित किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान बलवा ड्रिल की गई। वायरलेस और अन्य संचार उपकरणों के माध्यम से समन्वित कार्रवाई का अभ्यास किया गया। पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि त्यौहार को आपसी भाईचारे, सौहार्द्र और शांति के साथ मनाये। किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान ना दे और सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी प्रसारित ना करे। किसी भी संदिग्ध गतिविधि, विवाद की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दें। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस ने ईद पर्व से पहले कानून व्यवस्था और सुरक्षा की दृष्टि से मार्च किया।

**आज ईदगाह पर अता होगी मुख्य नमाज-** मुस्लिम समुदाय के पर्व ईद-उल-फितर की मुख्य नमाज चिमनगंज थाना क्षेत्र के ईदगाह स्थित पर अता की जायेगी। सुबह शहरकाजी खलिकुर्रेहमान नमाज अता कराकर शहर और देश में अमन शांति की दुआ मांगेंगे। ईदगाह पर नमाज के बाद शहर की अन्य मस्जिदों में नमाज अता कराई जायेगी। ईदगाह पर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी गुरूवार देर शाम से शुरू कर दी गई थी। वहीं शहर की अन्य मस्जिदों में शुक्रवार सुबह 6 बजे से पुलिस बल की तैनाती की जायेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com